रोहतक
बुधवार 7 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 339
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 16.2
न्यून. 4.5

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | कमजोर |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 85,063.34 | 376.28 ▼ |
| निफ्टी | 26,178.70 | 71.60 ▼ |
| **धातु** | **कीमत** | **ऊपर** |
| सोना | 1,41,500/- | 1100/- ▲ |
| चांदी | 2,51,000/- | 7000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल |
|---|---|---|
| रुपया | 90.18 | 12 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 62.05 बैरल 0.47% ▲
पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।




हरिभूमि
पाठक सर्वे योजना
हरियाणा
माह : जनवरी
दिनांक : 7 जनवरी 2026

## खबर संक्षेप

### 10 को ईओएस-01 सहित 18 छोटे उपग्रह लॉन्च



**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का इस वर्ष का पहला मिशन संभवतः 10 जनवरी को श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष पोर्ट से विश्वसनीय पीएसएलवी-सी 62 रॉकेट द्वारा ईओएस-01 इमेजिंग उपग्रह और 18 छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के साथ शुरू होगा। प्रक्षेपण प्रथम लांच पैड से होगा और पीएसएलवी-सी62 का प्रक्षेपण 10 जनवरी को होगा। *एजेंसी*

### बड़ा बदलाव : 1 मार्च से यूटीएस बंद, अब रेल वन



**नई दिल्ली।** 1 मार्च से अनारक्षित टिकट की बुकिंग के लिए यूटीएस मोबाइल एप पर सेवा बंद कर दी जाएगी। इसकी घोषणा रेलवे बोर्ड ने कर दी है। इसकी जगह पर केवल 'रेलवन' ऐप ही अनारक्षित टिकटों की बुकिंग के लिए मोबाइल एप्लीकेशन के रूप मे काम करेगा। रेलवे का लक्ष्य अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग ऐप से झंझट से मुक्ति दिलाना है। *एजेंसी*

### बांग्लादेश में 18 दिन में छठे हिंदू की हत्या



**ढाका।** बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में सोमवार रात एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय शरत चक्रवर्ती मणि के रूप में हुई है। यह बीते 18 दिनों में छठे हिंदू व्यक्ति की हत्या है। शरत चक्रवर्ती मणि पलाश उपजिला के चारसिंदूर बाजार में अपनी किराना दुकान चला रहे थे। इसी दौरान हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। *एजेंसी*

### प्री बजट मंथन में सीएम सैनी का आम नागरिकों से आग्रह

# 'जनभागीदारी पोर्टल' पर दें हरियाणवी में बजट सुझाव

### बजट निर्माण की प्रक्रिया संवाद से परिपूर्ण होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

प्री बजट सेशन के दौरान गुरुग्राम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विजन 2047 के मद्देनजर एआई आधारित हरियाणा बजट जनभागीदारी पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से आम नागरिकों को राज्य के बजट निर्माण प्रक्रिया में प्रत्यक्ष रूप से सहभागी बनने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पोर्टल पर हरियाणवी, हिंदी और अंग्रेजी तीनों भाषाओं में अपने सुझाव दिए जा सकते हैं। जिससे समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। यह प्लेटफॉर्म हमारी पारदर्शिता, नागरिक सहभागिता और सहभागी शासन की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक, विशेषज्ञ और हितधारक सीधे सरकार से जुड़ सकेंगे। अपने व्यावहारिक सुझाव सांझा कर सकेंगे।




**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विजन 2047 और 2026-27 के लिए इसके रोडमैप के बारे में आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

**पोर्टल लॉन्च**

- आम नागरिकों को बजट निर्माण प्रक्रिया में भागीदारी का मिलेगा अवसर
- समाज के हर वर्ग की सहभागिता होगी सुनिश्चित

#### उद्यमियों ने दिए सुझाव

मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2026- 27 के लिए इंडस्ट्री, हेल्थ, आईटी और एजुकेशन सेक्टर से संबंधित हितधारकों के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक (प्री बजट कंसलटेशन) में हर पहलू पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में उद्योग जगत एवं मैन्यूफैक्चरिंग इकाइयों से जुड़े विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट के लिए अपने सुझाव रखे।

#### सोवाका लैब का उद्घाटन

सैनी ने सोवाका लैब का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति से न केवल उसके परिवार बल्कि समाज का भी विकास होता है। स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज, मजबूत अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर राष्ट्र की नींव रखते हैं। हरियाणा सरकार ने इसी सोच के साथ आधुनिक जांच और उपचार सुविधाओं को आमजन तक सुलभ बनाया है और प्रदेश में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत सीटी स्कैन, एमआरआई, हैमो डायलिसिस और कैथ लैब जैसी उन्नत सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

#### मेडिकल व हेल्थ हब बना गुरुग्राम, तेजी से बढ़ रहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गुरुग्राम तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मेडिकल और हेल्थ हब के रूप में गुरुग्राम की अपनी विशिष्ट पहचान बन रही है और सेहत सुरक्षा की दिशा में आज एक और मील का पत्थर इस लैब के रूप में स्थापित होने से मजबूत सुरक्षा चक्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह लैब हेल्थ क्षेत्र में सेवाओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाएगी। उन्होंने गरीब और जरूरतमंद लोगों को भी विशेष सुविधाएं देने का आह्वान किया।

## नया नियम : स्थायी सैनिक बनने तक अग्निवीर नहीं कर पाएंगे शादी

चयन प्रक्रिया पूरी होने में लगते हैं 4-6 माह | नियम नहीं मानने पर आवदेन करने पर रोक | 25 फीसदी को स्थायी नौकरी का है प्रावधान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अग्निवीर योजना के जरिए सेना में भर्ती होने वाले युवाओं के लिए एक नया नियम लागू किया गया है। इसके मुताबिक अग्निवीर तब तक शादी नहीं कर सकता, जब तक वो भारतीय सेना का स्थायी सैनिक ना बन जाए। सेना के इस नियम के मुताबिक अग्निवीर तभी शादी कर सकते हैं जब वो पूरी तरह बतौर स्थायी सैनिक नियुक्त हो जाएं। शादी करने के लिए अग्निवीरों को पहले अपनी चार साल की सर्विस पूरी करनी होगी,



उसके बाद स्थायी सैनिक बनने के लिए 4-6 महीने का और समय लगेगा। स्थायी सैनिक चुने जाने के बाद अग्निवीर अपनी मर्जी से शादी कर सकते हैं।

#### पहले बैच की सेवा जून जुलाई तक होगी पूरी

साल 2022 में अग्निवीर योजना की शुरुआत की गई थी। उस वक्त करीब 20 हजार युवा इसमें शामिल हुए थे। जून और जुलाई 2026 के आसपास 2022 बैच के अग्निवीरों की सेवा खत्म हो जाएगी। 25 प्रतिशत को भारतीय सेना में स्थायी सैनिक बनने का मौका मिलेगा। इसके बाद फिजिकल टेस्ट, रिटन टेस्ट और कई पड़ाव पार करने होंगे। इन सभी से गुजरने के बाद सेना में स्थाई नियुक्ति मिलेगी। इसीलिए सेना ने साफ कर दिया है कि फाइनल लिस्ट ना आ जाए, तब तक वो शादी ना करें।

## परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए समीक्षा परीक्षा से पहले उम्मीदवार टैटू नहीं हटवा सकते : कलकत्ता हाईकोर्ट



**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि विस्तृत चिकित्सा परीक्षण में अयोग्य घोषित होने के बाद और फिट घोषित होने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण में उपस्थित होने से पहले उम्मीदवार अपने टैटू नहीं हटवा सकते। अदालत ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में भर्ती के इच्छुक एक कांस्टेबल की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि विस्तृत चिकित्सा परीक्षण के दौरान चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित किए गए उम्मीदवार को केवल चिकित्सा मूल्यांकन में कथित त्रुटियां अनियमितता को चुनौती देने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण की अनुमति है। हालांकि, पहले परीक्षण के बाद शारीरिक स्थिति में बदलाव की अनुमति नहीं है। पीठ अपने दाहिने हाथ पर टैटू और दाहिने पैर में चपटेपन के कारण चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित किए गए एक उम्मीदवार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता ने पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण में उपस्थित होने से पहले 6 दिसंबर, 2025 को अपना टैटू हटवा लिया था।

*उमर-शरजील के समर्थन में प्रदर्शन*

## मोदी-शाह के खिलाफ भद्दे नारे कार्रवाई की तैयारी में जेएनयू

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में सोमवार रात कुछ छात्रों ने पीएम मोदी और अमित शाह के खिलाफ भद्दे नारे लगाए। नारेबाजी का 35 सेकेंड का वीडियो सामने आया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने दावा किया है कि जेएनयू में यह प्रदर्शन उमर खालिद-शरजील के समर्थन में हुआ। यह विरोध प्रदर्शन नहीं, बल्कि राष्ट्रविरोधी विचारधारा का प्रसार है। कांग्रेस ने कहा है कि यह गुस्सा जाहिर करने का एक तरीका है। वहीं जेएनयू प्रबंधन ने कहा- हम इस मामले पर सख्त कार्रवाई करेंगे। यूनिवर्सिटी को नफरत फैलाने वाली प्रयोगशाला नहीं बनने देंगे। यूनिवर्सिटी ने कहा कि मामले में पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। हिंसा, गैर-कानूनी आचरण या राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

> जेएनयू ने कहा यूनिवर्सिटी को नफरत फैलाने वाली प्रयोगशाला नहीं बनने देंगे, सख्त कार्रवाई की जाएगी

*पुणे के अस्पताल में ली अंतिम सांस*

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का निधन



**पुणे (एजेंसी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 81 साल के थे। कलमाड़ी को पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे अंतिम सांस ली। कलमाड़ी के आधिकारिक कार्यालय के मुताबिक उनका पार्थिव शरीर दोपहर 2 बजे तक कलमाड़ी हाउस एरंडवणे में रखा जाएगा। अंतिम संस्कार दोपहर 3.30 बजे वैकुंठ श्मशान पुणे में होगा।

#### पुणे लोकसभा सीट से 3 बार सांसद रहे

सुरेश शामराव कलमाड़ी का जन्म 1 मई 1944 को हुआ था। कलमाड़ी पुणे लोकसभा सीट से 3 बार सांसद चुने गए। राजनीति के साथ-साथ वे खेल प्रशासन के लिए भी जाने जाते रहे। भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष थे। 2010 में दिल्ली में हुए ग्लोबल इवेंट कॉमनवेल्थ गेम्स की आयोजन समिति के चेयरमैन भी थे।

*व्हाट्सएप पर वॉयस मैसेज भेजा*

## भाजपा नेता से मांगी दो करोड़ की फिरौती



**करनाल (हरिभूमि न्यूज )।** भाजपा नेता और नई अनाज मंडी के प्रधान सुरेंद्र त्यागी से बदमाशों ने 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी है। विदेशी नंबर से व्हाट्सएप पर वॉयस मैसेज भेजा, 24 घंटे में संपर्क नहीं किया तो याद रखेगा। बदमाशों ने धमकी से जान से मारने की धमकी के साथ-साथ परिवार और दोस्तों को नुकसान पहुंचाने की बात कही। सुरेंद्र त्यागी की करनाल की नई अनाज मंडी में आढ़त की दुकान है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 4 जनवरी की शाम करीब 6 बजे वह दुकान पर बैठे थे, तभी उनके मोबाइल पर एक विदेशी नंबर से व्हाट्सऐप वॉयस मैसेज आया। मैसेज में 2 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई और 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया। कॉल रिसीव न करने पर बदमाशों ने फिर से व्हाट्सऐप वॉयस मैसेज भेजकर उन्हें, उनके परिवार और दोस्तों को जान से मारने की धमकी दी।

*सोनीपत में वारदात, अवैध संबंधों को लेकर होता था झगड़ा*

## पत्नी ने तकिये से मुंह दबाकर की पति की हत्या, बेड पर लाश छोड़ हुई फरार

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** सोनीपत में पत्नी ने मैरिज पैलेस में केयरटेकर पति की हत्या कर दी। परिवार का आरोप है कि पत्नी ने पहले उसके मुंह पर तकिया रखकर दबाया। फिर निजी अंग दबा दिया। इसके बाद वह फरार हो गई। मंगलवार सुबह बेड पर व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक रामकिशन मैरिज पैलेस में बने कमरे में परिवार के साथ रहता था। आरोप है कि पत्नी के अवैध संबंधों की वजह से दोनों में अक्सर झगड़े होते थे। घटना कामी रोड स्थित आशीर्वाद गार्डन में हुई। पुलिस ने जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया। पुलिस ने मैरिज पैलेस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में ले लिया है। साथ ही, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है।



#### दो साल पहले सोनीपत आया

मृतक के भाई मेहर सिंह ने बताया कि उनके भाई रामकिशन (38) करीब 2 साल पहले अपने काम के सिलसिले में गोहाना के ककाना भादरी गांव को छोड़कर सोनीपत शहर में किराए पर रहने आए थे। बाद में वह गार्डन की रखवाली का काम करने लगा।

#### दोनों में होती थी कहासुनी

संजय ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर कहासुनी होती रहती थी। सोमवार रात को पहले सरिता ने रामकिशन के मुंह पर तकिया रखकर पैर से गला दबाया। इसके बाद जिंदा न बच सके, इसलिए रामकिशन का निजी अंग भी दबा दिया। उसके निजी अंग में काफी सूजन थी और मुंह पर तकिया रखा हुआ था। हत्या के असली कारण का पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट में खुलासा होगा।

### अमेरिकी कोर्ट में बोले मादुरो, गिरफ्तारी अवैध

## मेरा अपहरण किया गया, ड्रग्स और हथियार तस्करी के आरोप बेबुनियाद

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सोमवार रात न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में पेश किया गया। उन्होंने कोर्ट में अपने खिलाफ लगे ड्रग्स और हथियार तस्करी से जुड़े सभी आरोपों से इनकार किया। सीएनएन के मुताबिक, मादुरो ने अदालत में अपनी गिरफ्तारी को गैरकानूनी बताया और कहा कि मुझे किडनैप किया गया है। पहली सुनवाई में मादुरो ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा, मैं अपराधी नहीं हूं। मैं एक सम्मानित व्यक्ति हूं और अब भी अपने देश का राष्ट्रपति हूं। मादुरो के वकीलों ने अमेरिकी कार्रवाई को सैन्य अपहरण बताया है। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और कानूनी प्रक्रिया का उल्लंघन है। अगली सुनवाई 17 मार्च को होगी। वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो ने ऐलान किया है कि वे जल्द ही देश वापस लौटेंगीं।



#### ग्रीनलैंड पर हमला किया तो नाटो खत्म : फ्रेडरिकसन



**कोपेनहेगन।** डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की तो नाटो सैन्य गठबंधन का अंत हो जाएगा। कुछ भी नहीं बचेगा। वहीं, फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन और ब्रिटेन के नेताओं ने भी साफ कहा है कि ग्रीनलैंड वहां के लोगों का है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क से जुड़े किसी भी फैसले का हक सिर्फ ग्रीनलैंड और डेनमार्क को ही है।

### शीतलहर की चपेट में लोग, 10 तक राहत की उम्मीद नहीं

# घणा जाड्डा

## प्रदेश में 3 डिग्री तक गिरा अधिकतम तापमान, रात के साथ दिन भी हुए ठंडे

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। एक दिन धूप निकलने के बाद एक बार फिर से बादल छाने और शीतलहर चलने से पूरे प्रदेश में कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। कोहरे के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। वहीं, शीतलहर से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटे में प्रदेश में शीतलहर और कोल्ड-डे का दोहरा अटैक जारी रहेगा। रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री की और गिरावट संभव है। रात्रि तापमान शून्य तक जा सकता है। प्रदेश में पाला जमने के हालात बने हुए हैं। 10 जनवरी तक राहत मिलने की उम्मीद नहीं।



**अधिकतम तापमान गिर रहा**

प्रदेश में 24 घंटों में रात के न्यूनतम तापमान औसत 0.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। सबसे कम तापमान नारनौल में 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। हालांकि एक दिन पहले यहां का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री रहा था। अधिकतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री नीचे चल रहा है। इससे रात के साथ-साथ अब दिन भी ठंडे होने लगे है।

**हरियाणा में पारा**

| शहर | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| रोहतक | 12.8 | 7.6 |
| हिसार | 12.2 | 7.7 |
| सिरसा | 12.2 | 5.7 |
| जींद | 11.1 | 7.6 |
| महेंद्रगढ़ | 13.7 | 4.5 |
| गुरुग्राम | 14.1 | 7.8 |
| पानीपत | 13.5 | 7.0 |
| सोनीपत | 13.4 | 6.3 |

#### बच्चे व बुजुर्ग रखें विशेष ध्यान

शीतलहर को देखते हुए प्रदेश सरकार ने आमजन को शीतलहर एवं पाले के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप 'शीत लहर कार्य योजना' तैयार की है। आमजन से अपील की कि वे मौसम की जानकारी के लिए प्रतिदिन रेडियो, टीवी, समाचार पत्रों एवं स्थानीय मौसम पूर्वानुमान पर नजर रखें, ताकि शीतलहर की पूर्व सूचना मिल सके। आवश्यकतानुसार गर्म कपड़े, दवाइयां और अन्य जरूरी सामग्री पहले से सुरक्षित रखें। बच्चे और बुजुर्ग ठंडी हवा के सीधे संपर्क से बचें, घर के अंदर रहें और अनावश्यक यात्रा से परहेज करें। शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन-सी युक्त पौष्टिक आहार, फल-सब्जियों का सेवन करें तथा नियमित रूप से गर्म तरल पदार्थ लें।

# सीएस ने रिव्यू मीटिंग की, देश के पहले हाइड्रोजन प्लांट को 24 घंटे बिजली मिलेगी

■ जींद-सोनीपत के बीच चलने वाली हाइड्रोजन ट्रेन को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में जल्द ही देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की सीटी बजने वाली है। उत्तर रेलवे द्वारा जींद और सोनीपत के बीच चलाई जाने वाली इस ट्रेन को लेकर तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जा चुका है। इस ट्रेन को ईंधन आपूर्ति के लिए जींद में स्थापित किए गए हाइड्रोजन प्लांट को अंतिम कमीशनिंग एवं नियमित संचालन के दौरान स्थिर और निर्बाध 11 केवी विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को इस संबंध में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की।



जींद में 3000 किलोग्राम भंडारण क्षमता का देश का सबसे बड़ा हाइड्रोजन प्लांट स्थापित किया गया

### परियोजना के भविष्य में किसी प्रकार की बाधा न आए

बैठक में मुख्य सचिव ने प्लांट की वर्तमान विद्युत आपूर्ति स्थिति, बैक-अप व्यवस्थाओं और भविष्य की आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि महत्वाकांक्षी इस परियोजना के लिए भविष्य में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए बिजली आपूर्ति प्रणाली की नियमित समीक्षा की जाए तथा वैकल्पिक व्यवस्था और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को भी सुदृढ़ रखा जाए।

### अतिरिक्त निगरानी एवं त्वरित रखरखाव की व्यवस्था की गई

बैठक में अवगत कराया गया कि इस हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना के लिए जीन्द में 3000 किलोग्राम भंडारण क्षमता का देश का सबसे बड़ा हाइड्रोजन प्लांट स्थापित किया गया है, जो अब कमीशनिंग के अंतिम चरण में है। चूंकि यह प्लांट 24×7 आधार पर संचालित होगा, इसलिए निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति अत्यंत आवश्यक है। डीएचबीवीएन के अधिकारियों ने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि प्लांट को स्थिर विद्युत आपूर्ति प्रदान की जा रही है और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त निगरानी एवं त्वरित रखरखाव की व्यवस्था भी की गई है।

### लोगों में उत्सुकता, लखनऊ से पहुंची टीम ने ट्रेन की टेस्टिंग की

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को पटरी पर देखने के लिए लोगों की उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं, लखनऊ से पहुंची विशेष टीम ने ट्रेन की टेस्टिंग की। टीम का मुख्य फोकस पावर कार और उससे जुड़े सुरक्षा व नियंत्रण उपकरणों पर रहा। स्पीड सेंसर, कंट्रोल सिस्टम को अलग-अलग गति पर परखा गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ट्रेन निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रूप से संचालित हो सके। टेस्टिंग के दौरान ट्रेन को धीमी और मध्यम गति पर चला कर उपकरणों की कार्यक्षमता को रिकार्ड किया गया। पायदानों की मजबूती और ऊंचाई की भी जांच की गई।

## खबर संक्षेप

### तकनीक व नेतृत्व की नीयत ने बदला नजारा

चंडीगढ़। प्रौद्योगिकी के लगातार उपयोग और नेतृत्व की इच्छाशक्ति के कारण सरकारी कामकाज और आर्थिक लेन-देन में पारदर्शिता आई है। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने की। संस्थान में चल रहे चार दिवसीय महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत खंड संसाधन व्यक्ति के लिए सामाजिक अंकेक्षण विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

### मनरेगा को लेकर सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस

चंडीगढ़। भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा के मूल स्वरूप को बदलने को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कड़ी आपत्ति जताई और काफी विरोध स्वरूप काफी आक्रामक दिखाई दी। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय से मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान की राष्ट्रव्यापी शुरुआत की। हरियाणा के प्रभारी बी के हरिप्रसाद ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), जिसे वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू किया गया था। एक ऐतिहासिक कानून है जो प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति वर्ष कम से कम 100 दिनों का रोजगार मिलता था।

### गुरुग्राम में मुख्यमंत्री ने किया 'सोवाका' लैब का उद्घाटन, सैनी बोले

# स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और आत्मनिर्भर राष्ट्र की नींव

सीटी स्कैन एमआरआई, हैमो डायलिसिस और कैथ लैब जैसी उन्नत सेवाएं करवाई जा रही हैं उपलब्ध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति से न केवल उसके परिवार बल्कि समाज का भी विकास होता है। स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज, मजबूत अर्थव्यवस्था और आत्मनिर्भर राष्ट्र की नींव रखते हैं। हरियाणा सरकार ने इसी सोच के साथ आधुनिक जांच और उपचार सुविधाओं को आमजन तक सुलभ बनाया है और प्रदेश में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत सीटी स्कैन, एमआरआई, हैमो डायलिसिस और कैथ लैब जैसी उन्नत सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को गुरुग्राम में सोवाका लैब के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। समारोह में डॉ. लाल पैथ लैब के चेयरमैन पद्मश्री ब्रिगेडियर डॉ. अरविंद लाल ने सीएम का स्वागत किया। सीएम ने कहा कि हरियाणा सरकार निरंतर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है।



चंडीगढ़। गुरुग्राम में सोवाका लैब का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साथ में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह व अन्य गणमान्य।

### मेडिकल व हेल्थ हब बन रहा गुरुग्राम

नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरुग्राम तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मेडिकल व हेल्थ हब के रूप में गुरुग्राम की अपनी विशिष्ट पहचान बन रही है और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में आज एक और मील का पत्थर इस लैब के रूप में स्थापित होने से मजबूत सुरक्षा चक्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह लैब स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवाओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाएगी। उन्होंने गरीब व जरूरतमंद लोगों को भी विशेष सुविधाएं देने का आह्वान किया।

## श्रमिकों और गांवों के विकास के लिए वीबी-जी रामजी योजना ऐतिहासिक कदम : बड़ौली



चंडीगढ़। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी रामजी योजना को लेकर जानबूझकर भ्रम और दुष्प्रचार फैला रही हैं। जबकि यह योजना श्रमिकों के कल्याण और गांवों के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। मंगलवार को रेलवे रोड स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, सोनीपत में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा।

### हाईकोर्ट ने पूर्व सब इंस्पेक्टर की याचिका खारिज की

कोर्ट ने कहा वह तथ्य जांच एजेंसी नहीं बन सकती

केवल आरोपों के आधार पर नहीं माना जा सकता कि जबरन स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दी गई

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बावजूद स्पष्ट शब्दों में कहा है कि केवल आरोपों के आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि कर्मचारी से जबरन स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति कराई गई है। अदालत ने दो टूक कहा कि हाई कोर्ट तथ्य-जांच करने वाली संस्था की भूमिका नहीं निभा सकता। हाई कोर्ट के जस्टिस जगमोहन बंसल ने यह आदेश एक पुलिस कर्मी की याचिका को खारिज करते हुए सुनाया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि वह 1991 में हरियाणा पुलिस में कांस्टेबल के रूप में भर्ती हुए थे। लंबे सेवाकाल के दौरान पदोन्नति पाकर वह जुलाई 2025 में सब-इंस्पेक्टर के पद पर पहुंचे। उस समय उनकी तैनाती पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज, सुनारिया (रोहतक) में थी। 29 जुलाई 2025 को उन्हें उनके मूल जिला रोहतक भेज दिया गया, जहां उन्होंने 20 अगस्त 2025 को कार्यभार संभाला। याचिका में बताया गया कि याचिकाकर्ता पीजीआईएमएस, रोहतक से इलाज करवा रहे थे और चिकित्सकों ने उन्हें लाइट ड्यूटी की सलाह दी थी।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **यू.टी.पी. रूपेंद्र** पुत्र कृष्ण निवासी गांव ब्रोहना, थाना खरखौदा, जिला सोनीपत, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 259/2022 धारा 147/149/186/353/332/34 भा.द.स., थाना हरी नगर, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **यू.टी.पी. रूपेंद्र** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **यू.टी.पी. रूपेंद्र** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 259/2022 धारा 147/149/186/353/332/34 भा.द.स., थाना हरी नगर, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **यू.टी.पी. रूपेंद्र** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 13.02.2026 को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री मोक्षा बैंस,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–11, (पश्चिम),**
**कमरा नं. 31,**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**

DP/274/WD/2026

## कार्यालय महाप्रबन्धक, हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक

### विज्ञप्ति

शिक्षुक अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत निम्नलिखित शिक्षुओं के चयन को होना निश्चित हुआ है। जिसके लिये शिक्षुओं का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| क्र. सं. | पद का नाम | शिक्षुओ के रिक्त पद |
|---|---|---|
| 1 | MMV | 10 |
| 2 | D.Mech. | 08 |
| 3 | Turner | 01 |
| 4 | Elect. | 10 |
| 5 | Painter | 01 |
| 6 | Carpenter | 02 |
| 7 | Welder | 02 |
| 8 | TRF/Fitter | 08 |
| 9 | Plumber | 01 |
| 10 | Black Smith/ Sheet Metal worker | 03 |
| 11 | Stenoggrapher (Hindi) | 01 |
| | Total | 47 |

इच्छुक शिक्षु अपने मूल दस्तावेज सहित महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक (नया बस अड्डा रोहतक) के कार्यालय में आयेंगे। जहां उनके मूल दस्तावेज चैक किये जाएंगे। इच्छुक प्रार्थी अपना रजिस्ट्रेशन दिनांक 09.01.2026 से 15.01.2026 तक आनॅलाईन करवा सकते हैं। दिनांक 09.01.2026 से पहले व दिनांक 15.01.2026 को रात्री 12 बजे के बाद किया गया रजिस्ट्रेशन मान्य नहीं होगा। सफल शिक्षुओं का चयन आई०टी०आई० के मार्कशीट की मैरिट के आधार पर किया जायेगा। आनलाईन आवदेन प्राप्त होने के उपरान्त प्रशिक्षुओं को दस्तावेजों को चैक करने हेतू दिनांक 19.01.2026 को रोहतक आगार की कर्मशाला में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। मूल दस्तावेज चैक करने उपरान्त सूची अनुसार चयनित रिक्त पड़े पदों के विरूद्ध सफल प्रार्थियों को यथाशीघ्र शिक्षुता हेतु लगा लिया जाएगा। (www.appernticeshipindia.org)

**-Sd- महाप्रबन्धक,**
**हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक**

पीआरडीएच-1119/11/778/2026/41777/88/6 दि. 06.01.26

## एचटेट घोटाले की हो सीबीआई जांच, जजपा सड़क पर उतरी

■ उपायुक्तों को राज्य के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपे

चंडीगढ़। हरियाणा में साल 2024 एचटेट परीक्षा परिणाम घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर जननायक जनता पार्टी ने सड़क पर उतरकर आंदोलन छेड़ दिया है। मंगलवार को प्रदेशभर में युवा जेजेपी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला उपायुक्तों को राज्य के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपे और सीबीआई जांच की मांग उठाई। जेजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार में सरेआम एचटेट परीक्षा परिणाम में बड़ा घोटाला किया गया और लाखों युवाओं के साथ धोखा किया गया। उन्होंने कहा कि इस घोटाले की सही से जांच न होने और घोटाला करने वाले सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने तक जेजेपी चुप नहीं बैठेगी।

## भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी: चावला

■ पदभार संभालते ही राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के प्रमुख बोले

चंडीगढ़। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के प्रमुख अरशिन्दर सिंह चावला ने पदभार संभालते ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को जमीन पर उतारने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए हैं। इसी क्रम में उन्होंने प्रदेश के सभी रेंज के पुलिस अधीक्षकों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित कर ब्यूरो की प्राथमिकताओं, कार्यप्रणाली और भविष्य की रणनीति को लेकर स्पष्ट, कड़े और समयबद्ध दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रहे अभियानों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्ययोजना पर भी गहन मंथन किया गया।

## केंद्र कर रहा हरियाणा के हितों पर कुठाराघात, प्रदेश सरकार गूंगी बनी बैठी : दीपेन्द्र हुड्डा



चंडीगढ़। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार हरियाणा के हितों पर कुठाराघात कर रही है औरप्रदेश सरकार गूंगी बनी बैठी है। इस बारे में कांग्रेस ने फैसला किया है कि चुप नहीं रहेंगे, संसद से सड़क तक हरियाणा के हकों के लिए लड़ाई लड़ेंगे। केंद्र और प्रदेश की सरकार हरियाणा के हकों को पूरी तरह दरकिनार,नजरअंदाज करके चल रही है। भारत सरकार द्वारा गुजरात में घोषित कॉमनवेल्थ खेल 2030 और ओलंपिक 2036 का मेजबान या सह-मेजबान राज्य हरियाणा को बनाने की और एचपीएससी चेयरमैन को तुरंत हटाकर हरियाणावासियों में से बनाने की मांग की। चंडीगढ़ में सेक्टर सात स्थित नेता विपक्ष और पूर्व सीएम के सरकारी आवास पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने पत्रकार वार्ता की और भाजपा पर जमकर हमला बोला।

## हरियाणा में बढ़ता भ्रष्टाचार राज्य सरकार की विफलता का प्रमाण: कुमारी सैलजा



चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में भ्रष्टाचार की स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो चुकी है। हाल के आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि पिछले पांच वर्षों में भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में 78.48 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और राज्य देश में भ्रष्टाचार के मामलों में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। सांसद सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा 'जीरो टॉलरेंस' की जो बातें कही जाती हैं, वे केवल कागजों और भाषणों तक सीमित रह गई हैं। जमीनी हकीकत यह है कि राजस्व, पुलिस, भूमि और प्रशासनिक विभागों में भ्रष्टाचार आम नागरिक के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। उन्होंने कहा कि स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि डबवाली क्षेत्र के एक नागरिक को भ्रष्टाचार से तंग आकर इच्छा मृत्यु जैसी बात कहनी पड़ी

### युवाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं, एचपीएससी अध्यक्ष से इस्तीफा लें : रणदीप सुरजेवाला

चंडीगढ़। सांसद व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सैनी सरकार व हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) पर हरियाणा के युवाओं को अपमानित करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आयोग के अध्यक्ष द्वारा युवाओं और प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को अयोग्य बताना निंदनीय और शर्मनाक है।

रूबरू | सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से खास बातचीत

# कांग्रेस में गंभीरता वाली बात नहीं, मजबूत लोकतंत्र के लिए विपक्ष की भी अहम भूमिका

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की नायब सैनी सरकार में सिंचाई और महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी कांग्रेस पर जमकर बरसीं और कहा कि कांग्रेस के लोगों ने रथ मंगा लिया था, सत्ता में आने का भरोसा था लेकिन जनता ने इनकी छुट्टी करने की ठानी हुई थी। अब गुस्से और हताशा में पहले संविधान की कापी लेकर घूम रहे थे। कांग्रेस विपक्ष की भमिका निभाने में भी नाकाम रही है। लोकतंत्र के लिए विपक्ष भी अहम भूमिका होती है। एक साल तक नेता विपक्ष नहीं दे पाने वाली कांग्रेसी अब मनरेगा तो कभी वोट चोरी का रोना रोते हैं। श्रुति चौधरी ने चंडीगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास पर बातचीत के दौरान शीतकालीन सत्र में कांग्रेस द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लेकर आने पर हैरानी जताई साथ ही कहा कि लोगों के मुद्दे उठाने के स्थान पर कांग्रेस विपक्ष की भमिका निभाने में भी नाकाम रही है। मंत्री ने कहा कि यह लोगों के मुद्दे से बहुत दूर चले गए हैं। पंजाब सीएम भगवंत मान द्वारा विस पंजाब में प्रस्ताव पारित कर मनरेगा को कोसने पर मंत्री ने कहा कि यह लोग सियासी जुमले तक सीमित हैं।

### मनरेगा में खामियों को दूर किया गया



श्रुति चौधरी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखकर अहम कदम मनरेगा में बदलाव कर उठाए हैं। सौ दिनों के रोजगार की गारंटी को 125 दिन कर दिया गया है। सुधार किए हैं, जिसका सभी को फायदा मिलेगा। मुद्दा विहीन कांग्रेस के लोग हरियाणा में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए और एक साल बाद में वोट चोरी की बाते कर रहे हैं, लोकतंत्र में जनता मालिक है, लोगों ने तीसरी बार भाजपा को मौका दिया। योजना में कोई कमी हो तो तथ्य रखें, सदन में भी प्रश्नों को लेकर होमवर्क कर नहीं आते, कम से कम तैयारी करके आना चाहिए।

## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | आईटीआई पुरखास जिला सोनीपत में वैद्युत उपकरणों की रिवायरिंग और प्रावधान + 2 कार्य। | 06.01.2026 12.01.2026 | 23.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | सोनीपत में सिविल हस्पताल के परिसर में 100 बिस्तर वाले एमसीएच भवन का निर्माण (सम्पदा ईआई और ईएलवी सेवाओं का प्रावधान)। | 06.01.2026 15.01.2026 | 263.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार बाईपास से गांव हिंदवान मोर आरडी 3.700 से 11.000 तक हिसार बालसमंद रोड (एमडीआर-107) की 4 लेनिंग (रोड आईडी 4873) (नल्वा निर्वाचन क्षेत्र) (चंदन नगर साइड सेंट्रल वर्ज में आरसीसी रोड के गड्ढे की खुदाई) बकाया कार्य + 1 कार्य। | 02.01.2026 08.01.2026 | 8.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी में नये लघु सचिवालय के निर्माण कार्य हेतु आकलन (स्ट्रीट लाइट और 400 केवीए डीजी सैट का प्रावधान)। | 02.01.2026 08.01.2026 | 74.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | सिटी बस सेवा हेतु सेक्टर-12, रेवाड़ी में बस डिपो के विकास के लिए ऑनलाइन निविदा। | 07.01.2026 28.01.2026 | 13.96 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 6 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा चण्डीगढ़ | हरियाणा रोडवेज के डिपो में आवश्यकता के लिए 5.00 करोड़ (लगभग) मैनुअल बस टिकटों के मुद्रण हेतु दो वर्षीय दर अनुबंध के लिए निविदा सूचना। | 12.01.2026 11.02.2026 | 30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हांसी | पीएचईएसडी नं. 1 हांसी (हांसी-I ब्लॉक) के तहत विभिन्न स्थानों पर 3 माह के ट्रायल रन, एक वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि और उसके पश्चात सभी प्रकार से पूर्ण 5 वर्ष हेतु व्यापक रखरखाव सहित विभिन्न स्थापनाओं पर ऑनलाइन एनालाइजर, वेक्यूम ऑपरेटेड ऑटोमेटिक स्विचओवर, ड्राई मीडिया स्क्रबर ऑटोमेटिक शट ऑफ वॉल्व की डिजाइनिंग, प्रावधान, फिक्सिंग, परीक्षण और प्रचालन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 04.01.2026 19.01.2026 | 991.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 8 | वन विभाग सिरसा | विभिन्न ब्लॉक्स में नर्सरी कार्यों की रेजिंग + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 12.01.2026 | 26.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 9 | पंचायती राज करनाल | हथलाना का बकाया कार्य - गांव हथलाना में तालाब का विकास और आरसीसी पाइप लाइन बिछाना (एनजीटी स्कीम) + 1 कार्य। | 03.01.2026 13.01.2026 | 98.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842262916 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज रोहतक | गांव लाखनमाजरा में बीपीएचयू का निर्माण। | 02.01.2026 08.01.2026 | 42.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 11 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | खजूर ताड़ उत्कृष्टता केन्द्र, बरवाला हिसार में टीशू कल्चर खजूर ताड़ पौधों महिला पुरुष की आपूर्ति। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 12 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | लीची उत्कृष्टता केन्द्र, नबीपुर अम्बाला में धुंध चेम्बर की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 13 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | बेर उत्कृष्टता केन्द्र, छाछरौली, यमुनानगर में स्वचालन इकाई और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 14 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | लीची उत्कृष्टता केन्द्र, नबीपुर अम्बाला में स्वचालन इकाई और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 15 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | वर्टिकल एवं मल्टीलेअर फार्मिंग उत्कृष्टता केन्द्र, चीका, कैथल में स्वचालन इकाई और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 16 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | खजूर ताड़ उत्कृष्टता केन्द्र, बरवाला हिसार में पॉलीनेट हाउस की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 17 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | बेर उत्कृष्टता केन्द्र, छाछरौली, यमुनानगर में टीशू कल्चर बेर प्लांट्स की आपूर्ति। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 18 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | लीची उत्कृष्टता केन्द्र, नबीपुर अम्बाला में शेड नेट हाउस की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 19 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | बेर उत्कृष्टता केन्द्र, छाछरौली, यमुनानगर में संरक्षित संरचनाओं की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 20 | बागवानी विभाग हरियाणा पंचकूला | वर्टिकल एवं मल्टीलेअर फार्मिंग उत्कृष्टता केन्द्र, चीका, कैथल में संरक्षित संरचनाओं की आपूर्ति व स्थापना। | 08.01.2026 10.02.2026 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9414790174 hiteshagarwal.hort@hry.gov.in |
| 21 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | वैद्युत एवं अग्निशमन प्रणाली के सीएमसी हेतु निविदा। | 09.01.2026 27.01.2026 | ईएमडी 4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 dirshkmnuh.med-hry@gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/420/41804/I/88/6 दि. 06.01.26

## खबर संक्षेप

### फाइनेंसर के घर छापेमारी में मिला 18 लाख कैश व सोना

**पंचकूला।** क्राइम ब्रांच की टीम ने पंचकूला के सेक्टर 17 में छापेमारी की है। 87 लाख के फाइनेंस पर ब्याज में धोखाधड़ी किए जाने का यह मामला बताया जा रहा है। इस मामले में सेक्टर 19 की क्राइम ब्रांच टीम ने कार्रवाई की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फाइनेंसर मुकेश गोयल द्वारा एक महिला के साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया, साथ ही लोन से जुड़े लेनदेन में हेराफेरी की गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच-19 की टीम ने सेक्टर-17 स्थित मकान में छापेमारी कर दस्तावेजों और साक्ष्यों की जांच की। क्राइम ब्रांच टीम के इंचार्ज मुकेश सैनी ने बताया कि करीब 18 लाख रुपये की रिकवरी की गई है। कुछ गोल्ड और सिल्वर भी टीम ने रिकवर किया है।

### विदेश में बंधक बनाकर साइबर फ्रॉड करवाने वाला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** विदेश में नौकरी के नाम पर बंधक बनाकर साइबर फ्रॉड करवाने के एक मामले में आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने सिरसा के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान दीपक पुत्र विरेन्द्र निवासी कैरांवाली, जिला सिरसा के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी सन्दीप ने बताया कि राहुल पुत्र हनुमान सिंह निवासी धौलु, भूना ने शिकायत की कि उसे और उसके दो साथियों अंकित पुत्र रमेश खिचड़, धौलू और अमरदीप सिंह पुत्र गुरदीप सिंह, काताखेड़ी को नौकरी के झांसे में थाईलैंड और म्यांमार भेजा गया। वहां उन्हें अवैध रूप से साइबर फ्रॉड के काम में लगाया गया, जिसमें डेटिंग साइटों के माध्यम से अमेरिका के 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों से पैसों की ठगी करवाई गई। प्रार्थियों के अनुसार, उन्हें म्यांमार में बंधक बनाकर 5 लाख रुपये से अधिक राशि की मांग की गई।

# अमेरिका में डिमांड बढ़ने व उत्पादन कम होने से रॉकेट हुए ग्वार के दाम, 15 दिन में 2 हजार रुपये प्रति क्विंटल बढ़े

### ग्वार के दाम में 13 साल पहले जैसी तेजी देखने को मिल रही, स्टॉकिस्ट हुए सक्रिय

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

अमेरिका के एनर्जी सेक्टर में ग्वार की डिमांड बढ़ने के चलते पिछले 15 दिनों में इसके दामों में 1800 से 2 हजार रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी आ गई है। मंगलवार को फतेहाबाद की भट्टू मंडी व आदमपुर मंडी में ग्वार 6 हजार से 6200 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिक रहा है। 15 दिन पहले इसके भाव 4200 रुपये प्रति क्विंटल थे। ग्वार के भाव में अचानक आई तेजी का सबसे बड़ा कारण उत्पादन में कमी बताया जा रहा है। बीते सीजन में कई इलाकों में ज्यादा बारिश के कारण ग्वार की पैदावार उम्मीद से कम रही। वहीं दूसरी ओर, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में ग्वार गम की मांग लगातार बढ़ रही है, जिससे बाजार पर सीधा असर पड़ा है। दाम बढ़ने के साथ ही अब स्टॉकिस्ट भी सक्रिय हो गए हैं। थोक भावों में तेजी के बाद मंडी में ग्वार की आवक बंद हो चुकी है, वहीं कारोबारी सीधे गांवों में जाकर किसानों से खरीद करने लगे हैं।

**4200 रुपये प्रति क्विंटल थे 15 दिन पहले ग्वार के दाम अब 6200 रुपये में बिक्री**

**13 साल पहले 32 हजार तक पहुंचे थे ग्वार के रेट, अभी और बढ़ने की संभावना**

#### तेजी के 3 कारण

एक्सपोर्ट से जुड़े व्यापारियों ने ग्वार के भाव में 13 साल बाद आई तेजी के 3 कारण बताए हैं।

1. इस बार ज्यादा बारिश के चलते ग्वार की पैदावार 25 प्रतिशत कम हुई।
2. अमेरिका में ग्वार की मांग बढ़ने से भावों में तेजी आई है।
3. दाम में तेजी को देखते हुए किसानों ने एक पखवाड़े से ग्वार बेचना बंद कर दिया है।



#### व्यापारियों ने ग्वार बेचना बंद किया

फतेहाबाद की भट्टू मंडी व इसके साथ सटे आदमपुर व सिवानी में पिछले एक पखवाड़े से ग्वार की आवक कम या न के बराबर हो रही है। जिन व्यापारियों के पास स्टॉक है, उन्होंने भी ग्वार बेचना बंद कर दिया है। व्यापारी सुभाष साई का कहना है कि मंडी में 15 दिन पहले 4200 से 4300 रुपये क्विंटल तक ग्वार बिक रहा था। मंगलवार को आदमपुर और सिवानी मंडी में भाव 6200 से 6300 रुपये क्विंटल तक पहुंच गए। गौरतलब है कि ग्वार के थोक मार्केट भी एनसीडेक्स पर खुलने लगे हैं। व्यापारी एनसीडेक्स के आधार पर ही प्रतिदिन सिवानी मंडी में भाव तय कर रहे हैं। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा तेजी केवल सट्टेबाजी नहीं है, बल्कि इसकी ठोस बुनियाद है। निर्यात मांग, सीमित स्टॉक और आगे उत्पादन को लेकर अनिश्चितता, ये सभी फैक्टर ग्वार के भाव को सपोर्ट कर रहे हैं। एक्सपर्ट मानते हैं कि अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार से मांग ऐसे ही बनी रही, तो ग्वार के रेट में और तेजी देखने को मिल सकती है। यह तेजी किसानों के लिए एक बड़ा फायदा साबित हो सकती है।

#### 22 हजार एकड़ में ग्वार की खेती

बता दें कि वर्ष 2012 में ग्वार का भाव 32 हजार रुपये प्रति क्विंटल पहुंच गया था। उस समय अमेरिका में डिमांड बढ़ गई थी। फतेहाबाद जिले में इस बार 22492 एकड़ में ग्वार की खेती हुई है। इस हिसाब से 3 लाख क्विंटल से अधिक ग्वार का उत्पादन हर साल होता है। ग्वार की फसल मुख्य रूप से खरीफ सीजन जून-जुलाई में बोई जाती है, जो मानसून की शुरुआत के साथ होती है, लेकिन इसे फरवरी-मार्च में भी उगाया जा सकता है। इसकी बुवाई के लिए जून के मध्य से जुलाई के अंत तक का समय सबसे अच्छा माना जाता है। जब मिट्टी में नमी होती है और कटाई अक्टूबर-नवंबर में होती है, जब फलियां सूख जाती हैं।

### फरीदाबाद में सिरे नहीं चढ़ पा रहा नशा मुक्त हरियाणा अभियान

# नशा बेचने से रोकने पर दो गुटों में जमकर पथराव, युवती समेत 10 लोग घायल

- सोमवार रात और मंगलवार सुबह दो बार हुई दो गुटों में मारपीट, पुलिस ने आकर संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



**फरीदाबाद।** नेहरू कालोनी में पथराव करते हुए लोग।

एक ओर हरियाणा सरकार व पुलिस नशा मुक्त राज्य बनाने के प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर फरीदाबाद में नशा बेचने के मामले में जमकर बवाल हुआ। डबुआ कॉलोनी थाना अन्तर्गत नेहरू कॉलोनी में नशा बेचने को लेकर सोमवार रात व सुबह जमकर पथराव हुआ। इस पथराव में कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और पथराव को रुकवाकर घायलों को अस्पताल भिजवाया।

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दोनों तरफ से करीब 20 मिनट तक जमकर पत्थर चले। इसमें आसपास खड़ी गाड़ियों के शीशे भी टूट गए। अब इस घटना से जुड़ी एक वीडियो भी सामने आई है। इसमें कुछ युवा एक गली में घरों पर पत्थर बरसा रहे हैं। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वीडियो के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। आरोप है कि डबुआ थाना क्षेत्र की नेहरू कॉलोनी में कुछ युवक नशीला पदार्थ बेचते हैं। कॉलोनी में नशा करने वालों और खरीदने वालों की भीड़ लगी रहती है। इससे कॉलोनी का माहौल खराब हो रहा है और आसपास के लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। सोमवार रात भी कुछ युवक नशीली सामग्री बेच रहे थे। तभी कॉलोनी के लोगों ने उन्हें रोकने की कोशिश की। दोनों पक्षों में हाथापाई हुई। इसके बावजूद युवक नशा बेचने से बाज नहीं आए। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी और यह मारपीट में बदल गई। मंगलवार सुबह नशीला पदार्थ बेचने वाले युवकों ने फिर गाली गलौज करनी शुरू कर दी। कॉलोनी वालों ने इसका विरोध किया तो उन्होंने पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोगों ने भी पास में पड़ी ईंटें फेंकनी शुरू कर दी। दोनों पक्षों में काफी पत्थरबाजी चलती रही। इस दौरान एक लड़की की आंख पर चोट आई है। इसके साथ ही करीब 10 लोगों को चोटें लगी हैं। कॉलोनी के एक व्यक्ति ने बताया कि पत्थरबाजी इतनी तेज थी कि लोग घंटों तक घरों में छिपे रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि झगड़े में शामिल लोग कॉलोनी में अफीम और गांजा जैसे नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री करते हैं। जब कॉलोनी के लोगों ने उन्हें नशा बेचने से रोका और विरोध किया, तो पथराव कर दिया।

#### दोनों पक्ष पर किया केस दर्ज

डबुआ थाना प्रभारी संग्राम दहिया ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को काबू में किया है। दोनों पक्ष नेहरू कॉलोनी के ही रहने वाले हैं। इनके बीच पहले भी किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। अब दोनों पक्ष के पांच-पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अभी इस पूरे मामले में मतिम, मुन्ना, शकील, साबिर और अबुजर की भूमिका सामने आई है।

### ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी का मामला

# सुप्रीम कोर्ट बोला- प्रोफेसर खान पर केस न चलाएं, सरकार बड़प्पन दिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी करने पर हरियाणा से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की। सोनीपत में अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद केस की सुनाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार को नरमी बरतने का सुझाव दिया है। साथ ही हरियाणा सरकार से अपील की है कि इस मामले में केस चलाने की मंजूरी न देकर सरकार बड़प्पन दिखाए। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी आशा जताई है कि यदि हरियाणा सरकार केस नहीं चलाएगी तो प्रोफेसर खान भी भविष्य में जिम्मेदारी से पेश आएंगे। प्रो. खान पिछले साल भारतीय सेना की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर और इसे ब्रीफ करने वाली महिला सैन्य अधिकारियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में घिरे हुए हैं। उन पर दो एफआईआर दर्ज हुई थी। पहला केस राई थाने में हुआ, जिसे जठेड़ी गांव के सरपंच की शिकायत पर दर्ज किया गया था। वहीं, दूसरा केस महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया की शिकायत पर दर्ज हुआ था।

#### 22 अगस्त को पेश हुई थी चार्जशीट



कोर्ट ने सरकार की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू से पूछा गया कि इस मामले में चार्जशीट कब दाखिल की गई? इस पर एएसजी ने कहा कि चार्जशीट 22 अगस्त 2025 को दाखिल की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर पर मुकदमा चलाने की मंजूरी अभी लंबित है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने इस पर कहा कि सरकार प्रोफेसर पर मुकदमा चलाने की मंजूरी न देकर बड़प्पन दिखाए। हालांकि, कोर्ट ने यह भी साफ किया कि यदि मामला बंद होता है तो प्रोफेसर से भी भविष्य में बेहद जिम्मेदारी से पेश आने की उम्मीद की जाएगी।

हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि वह इस बारे में सरकार से निर्देश लेंगे। केस की सुनवाई के दौरान सामने आया कि हरियाणा सरकार ने अभी तक इस मामले में केस चलाने की मंजूरी नहीं दी है।

## खाना बनाने के विवाद में साथी मजदूर की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- सजा के अलावा अदालत ने दस हजार रुपये लगाया जुर्माना

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने साथी मजदूर की हत्या करने के जुर्म में दोषी को आजीवन कारावास तथा दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने की सूरत में दोषी को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार मूलतः गांव पड़ाना हाल श्योराण कॉलोनी निवासी सीताराम ने पुलिस को 22 अगस्त 2023 को दी शिकायत में बताया था कि लगभग एक माह पहले उसके पास रहने के लिए तीन प्रवासी मजदूर आए थे और उसके पुश्तैनी मकान को रहने के लिए मांगा तो उसने दे दिया। उन्हीं मजदूरों में एक मजदूर सुरेंद्र उर्फ विशु का फोन आया। उसने बताया कि बिहार निवासी मजदूर छोटू उनके पास तीन-चार दिन पहले आया था, उसके मुंह से खून निकल रहा था। जुलाना थाना पुलिस ने सीताराम की शिकायत पर गांव बस्ती, जिला औरिया बिहार निवासी बिरेंद्र उर्फ वीरेंद्र के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में सामने आया था कि दोनों की खाना बनाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिस पर आरोपित ने उसकी हत्या कर दी। मंगलवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने बीरेंद्र उर्फ वीरेंद्र को हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## हलवाई यूनियन का फैसला : शादी में 12 बजे बाद तंदूर में नहीं बनाएंगे खाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- प्रधान ने कहा- कई बार शादी समारोह में पूरी रात चलता रहता है तंदूर, कर्मचारियों को करना पड़ता है परेशानी का सामना



जिला महेंद्रगढ़ के तंदूर वालों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बेदप्रकाश तंदूरवाले ने की, जिसमें जिलेभर के तंदूर कार्य से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

शंकर भार्गव ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में तन्दूर संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। विचार-विमर्श के बाद सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अब शादी समारोहों में तन्दूर का कार्य निर्धारित समय सीमा के अनुसार ही किया जाएगा। निर्णय के अनुसार लड़के की शादी में तन्दूर का कार्य रात्रि 12 बजे तक ही किया जाएगा, जबकि लड़की की शादी में तन्दूर का कार्य रात्रि एक बजे तक ही सीमित रहेगा। इसके बाद खाना बनाकर नहीं परोसा जाएगा। तय समय के बाद किसी भी प्रकार का तन्दूर कार्य नहीं किया जाएगा। तन्दूर समिति ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय सभी सदस्यों पर अनिवार्य रूप से लागू रहेगा और इसका पालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में अनुशासन और सामूहिक सहयोग पर भी जोर दिया गया।

### इनेलो नेता के भाई की हत्या का मामला

## आरोपी की निशानदेही पर नरवाना ब्रांच नहर में की राठी के शव की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। नरवाना ब्रांच नहर में जयदीप राठी के शव की तलाश करती टीम। फोटो : हरिभूमि

पानीपत पुलिस की सीआईए वन व सीआईए टू की संयुक्त टीमों ने इनेलो जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी के भाई जयदीप राठी की हत्या के आरोपी जसंवत उर्फ जस्सी से पुलिस रिमांड के दौरान गहनता से पूछताछ कर रही है। सोमवार को आरोपी जसवंत उर्फ जस्सी को पुलिस ने न्यायालय में पेश कर आठ दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने, स्वास्थ्य विभाग के नेत्र विभाग के अधिकारी जयदीप राठी की हत्या के बाद शव को डिस्पोज ऑफ कर कुरुक्षेत्र जिले के इस्माइलाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत (शाहबाद नलवी से ठोल जाने वाले रोड से गुजर रही) नरवाना ब्रांच नहर में डाल दिया था। वहीं, सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार व सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा की संयुक्त टीम मंगलवार को आरोपी जसंवत उर्फ जस्सी को नरवाना ब्रांच नहर पर लेकर गई। एफएसएल की टीम भी साथ में रही। पुलिस टीम ने साक्ष्य एकत्रित करने के लिए नहर में एनडीआरएफ का सहयोग लेकर सर्चिंग अभियान चलाया। वहीं, पुलिस मुठभेड़ में धुंध व अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हुए जयदीप राठी हत्याकांड के आरोपी जलदीप की भी पुलिस टीमें तलाश कर रही हैं।

### पानीपत के करण की बॉलीवुड में एंट्री रियल खिलाड़ी में जीते थे 7 लाख



**पानीपत।** पानीपत के गांव रिसालू निवासी करण मलिक को हैरतअंगेज स्टंट करने के चलते बॉलीवुड फिल्म 'हदें' में एंट्री मिली है। यह फिल्म इसी साल रिलीज होगी। करण कबड्डी खिलाडी हैं। कबड्डी खेलते हुए ही करण को स्टंट करने का शौक हो गया। करण का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज है। वहीं, साल 2024 में उत्तराखंड में हुई रियल खिलाड़ी सीजन-7 में प्रथम आए और सात लाख रुपये का कैश अवॉर्ड जीता। एक्टर विद्युत जामवाल भी उनकी तारीफ कर चुके हैं।

### केयू छात्रा आलिशा को फेडरल बैंक में मिला 14 लाख का पैकेज



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एमए अर्थशास्त्र (सत्र 2023-25) की छात्रा आलिशा सिंह का प्रतिष्ठित फेडरल बैंक में 14 लाख रुपये वार्षिक पैकेज के साथ चयन हुआ है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने छात्रा आलिशा सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बड़े गर्व का विषय है।

## शाहाबाद में हत्या कर युवक का शव झाड़ियों में फेंका

- व्यक्ति के गले व पेट पर हथियार से वार के निशान मिले
- मृतक की उम्र 35-40 साल, ब्लू जैकेट-टीशर्ट और सफेद रंग की पेंट डाली हुई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

शाहबाद में गांव मंदहेड़ी के पास खून से लथपथ व्यक्ति का शव सड़क किनारे झाड़ियों में पड़ा मिला। गांव के लोग ने शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर डीएसपी निर्मल सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान करवाने की कोशिश की। व्यक्ति के गले व पेट पर हथियार से वार के निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद आरोपी शव को सड़क पर झाड़ियों में फेंककर भाग गए। मृतक की उम्र 35-40 है। उसने ब्लू जैकेट-टीशर्ट और सफेद रंग की पेंट डाल रखी है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर सैम्पल एकत्रित करवाए।

डीएसपी निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शवगृह में रखवा दिया है। अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने आसपास के गांव के लोगों से भी पहचान करवाने की कोशिश की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इस तरह शव मिलने से आसपास दहशत का माहौल है।

### गैंगवार में थार सवार युवकों ने चलाईं गोलियां

**नारनौल।** शहर में मंगलवार देर शाम को बिना नंबर की थार में सवार युवकों ने एक पार्क के पास खड़े युवकों पर गोली चला दी। हालांकि इस घटना में किसी के गोली नहीं लगी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। वहीं इसे दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई माना जा रहा है। शहर के मोहल्ला सलामपुरा के पास बने राधा कृष्ण पार्क के नजदीक थार गाड़ी में सवार होकर तीन युवक आए थे। इन युवकों ने वहां पर खड़े लंगड़ी गैंग के युवकों पर फायर कर दिया। फायर में तीन राउंड गोली चली बताई जा रही है। इस दौरान मोनू कौशिक नामक युवक के गोली बिल्कुल पास से गई बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुछ दिन पूर्व एक लंगड़ी गैंग के लोगों ने दूसरे गैंग के एक युवक के साथ मारपीट कर उसको घायल कर दिया था।

**रोमांचक** स्कूल में बैठी छात्रा को दो दशक पहले लगी थी गोली, तब समझा मामूली चोट

# कमर में लगी गोली का 20 साल तक पता नहीं चला, फोड़ा फूटने पर निकली

### जिसे समझा पत्थर वह निकली गोली देखकर सब हैरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद





**फरीदाबाद।** गोली लगने के बारे में जानकारी देती महिला व बाहर निकली गोली।

डबुआ कॉलोनी में एक अजीब मामला सामने आया है। यहां रहने वाली एक महिला को 20 साल पहले कमर के निचले हिस्से में गोली लगी, लेकिन उसको किसी भी तरह के दर्द का अहसास नहीं हुआ। कुछ दिन पहले महिला के कमर के निचले हिस्से में फोड़ा हुआ। घाव धीरे-धीरे पक गया। पास में रहने वाली बुजुर्ग महिला की सलाह पर फोड़े वाले हिस्से पर लेप किया गया। लेप के बाद फोड़े के अंदर नुकीली चीज दिखी, जिसको महिला ने खुद ही खींचकर निकाल दिया। जिसके बाद सब हैरान हो गए क्योंकि वह बंदूक की गोली निकली।


डबुआ कॉलोनी में रहने वाली कविता के चार बच्चे हैं। पति ड्राइवरी का काम करता है। कविता के अनुसार उसको कभी अहसास नहीं हुआ कि उसको कमर के निचले हिस्से में गोली लगी है। मानेसर की रहने वाली कविता का कहना है कि 12 वर्ष की उम्र के दौरान स्कूल में पेपर देते समय उसको कमर के निचले हिस्से में काफी दर्द का अहसास हुआ था। दर्द होने पर देखा कि कमर के निचले हिस्से से खून निकल रहा है। उसको लगा कि किसी ने पत्थर मारा है।

#### स्कूल के पास में था आर्मी ट्रेनिंग कैंप

शिक्षक ने भी उसको घर जाकर आराम करने के लिए कहा। घर आकर डॉक्टर को दिखाया और दवाई ले ली। धीरे-धीरे जख्म ठीक हो गया। कविता के अनुसार उनके स्कूल के पास आर्मी का ट्रेनिंग कैंप था। शायद यह गोली वहीं से लगी थी। पिछले 20 साल से किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। पति प्रदीप के अनुसार कविता को शादी के बाद भी किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

#### गोली की कम रफ्तार पर ऐसा संभव

बादशाह खान सिविल अस्पताल के सर्जन डॉ. उपेंद्र भारद्वाज ने बताया कि ऐसा होना संभव है, क्योंकि बुलेट एक मैटेलिक ऑब्जेक्ट है। जब गोली बंदूक से निकलती है तो उसमें कोई जहर नहीं होता। वह केवल एक गरम लोहे का टुकड़ा होती है। कई बार गोली शरीर के हड्डी वाले हिस्से में रुक जाती है। ऐसा गोली की रफ्तार कम होने पर होता है। इस तरह के कई मामले पहले भी सामने आ चुके हैं।



### खबर संक्षेप

## जूनिपर ग्रीन एनर्जी ने जुटाए 2,039 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** जूनिपर ग्रीन एनर्जी ने एनएबीएफआईडी, एचएसबीसी, डीबीएस, बार्कलेज और असीम इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे प्रमुख वैश्विक एवं राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से ऋण वित्तपोषण के रूप में 2,039 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि इसके अलावा जूनिपर ग्रीन एनर्जी ने फेडरल बैंक और एक्सिस बैंक के साथ अपनी गैर-निधि-आधारित सीमाओं का विस्तार किया है।

## रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 29 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी प्रवाह घटने के बावजूद वर्ष 2025 के दौरान भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश 29 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 8.47 अरब डॉलर पर पहुंच गया। कोलियर्स इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश वर्ष 2025 के दौरान 8.47 अरब डॉलर पर पहुंच गया जो अब तक का उच्चतम स्तर है जबकि वर्ष 2024 में यह 6.56 अरब डॉलर था।

## निसान ने भारत से 13,470 वाहनों का किया निर्यात

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने दिसंबर महीने में रिकॉर्ड 13,470 वाहनों का निर्यात किया जो पिछले 10 वर्षों में किसी भी महीने का सर्वाधिक आंकड़ा है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि दिसंबर, 2025 में उसने घरेलू बाजार में 1,902 वाहनों की बिक्री की। इस तरह पिछले महीने निसान की कुल बिक्री 15,372 इकाई रही।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का अनुपालन कर रही कंपनी

# रूस से तीन सप्ताह से तेल नहीं मिला, जनवरी में भी मिलने की उम्मीद नहीं: रिलायंस

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसे रूस से करीब तीन सप्ताह से तेल का कोई बैरल नहीं मिला है और जनवरी में भी इसके प्राप्त होने की कोई उम्मीद नहीं है। रिलायंस ने 20 नवंबर 2025 को कहा था कि उसने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का अनुपालन करने के लिए गुजरात के जामनगर स्थित अपनी निर्यात-विशिष्ट रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद कर दिया है। इससे पहले रिलायंस, भारत में रूसी तेल की सबसे बड़ी खरीदार थी जिसे वह जामनगर स्थित अपने विशाल तेल शोधन परिसर में संसाधित करके पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में तब्दील करती थी। इस परिसर में दो रिफाइनरियां हैं। एक विशेष क्षेत्र (एसईजेड) इकाई जहां से यूरोपीय संघ, अमेरिका तथा अन्य बाजारों में ईंधन निर्यात किया जाता है और एक पुरानी इकाई जो मुख्य रूप से घरेलू बाजार की जरूरतों को पूरा करती है।

- गुजरात के जामनगर स्थित रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद

**खास बातें**

- रिलायंस, भारत में रूसी तेल की सबसे बड़ी खरीदार थी
- कच्चे तेल को शोधन से पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में तब्दील करती थी




### यूरोपीय संघ, रिलायंस के लिए बड़ा बाजार

यूरोपीय संघ, रिलायंस के लिए एक बड़ा बाजार है और उसने रूस के ऊर्जा राजस्व को लक्षित करते हुए व्यापक प्रतिबंध लगाए हैं जिनमें रूसी कच्चे तेल से उत्पादित ईंधन के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाले उपाय भी शामिल हैं। इन शर्तों का पालन करने के लिए, रिलायंस ने अपने केवल निर्यात के लिए बने (एसईजेड) रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का प्रसंस्करण बंद कर दिया था।

### ब्लूमबर्ग के दावे का किया रिलायंस ने खंडन

कंपनी ने 'ब्लूमबर्ग' की उस रिपोर्ट को मंगलवार को ''पूरी तरह से असत्य'' बताया जिसमें दावा किया गया था कि '' रूसी तेल से लदे तीन जहाजों को रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के लिए तैयार किया जा रहा है।'' रिलायंस ने बयान में कहा, '' रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी को पिछले करीब तीन सप्ताह से रूसी तेल की कोई खेप नहीं मिली है और जनवरी में भी रूसी कच्चे तेल की कोई आपूर्ति मिलने की उम्मीद नहीं है।''

### केप्लर के हवाले से तीन जहाज सिक्का बंदरगाह आ रहे

'ब्लूमबर्ग' एक वैश्विक मीडिया एवं वित्तीय सूचना कंपनी है जो व्यापार, अर्थव्यवस्था, वित्तीय बाजार एवं नीति से जुड़ी विश्वसनीय खबरें व डेटा प्रदान करती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में आंकड़ा विश्लेषक कंपनी 'केप्लर' के हवाले से कहा गया था कि करीब 22 लाख बैरल यूराल (रूसी कच्चे तेल का एक प्रकार) से लदे कम से कम तीन टैंकर सिक्का बंदरगाह की ओर जा रहे थे जिसके माध्यम से जामनगर रिफाइनिंग परिसर अपने कच्चे तेल के आयात का एक बड़ा हिस्सा प्राप्त करता है।

### सिक्का बंदरगाह का इस्तेमाल किया जा रहा था

सिक्का बंदरगाह का इस्तेमाल हालांकि रिलायंस के अलावा अन्य कंपनियां भी करती हैं। उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में उल्लिखित तीनों टैंकर संभवतः भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की बीना रिफाइनरी के लिए थे, रिलायंस के लिए नहीं।

### 20 नवंबर से कच्चे तेल का आयात बंद

रिलायंस के एक प्रवक्ता ने 20 नवंबर 2025 को बयान में कहा था, '' हमने 20 नवंबर से अपने एसईजेड रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का आयात बंद कर दिया है। वहीं एक दिसंबर से एसईजेड रिफाइनरी से निर्यात किए जाने वाले सभी उत्पाद गैर-रूसी कच्चे तेल से प्राप्त किए जाएंगे।'' इससे पहले, रिलायंस प्रतिदिन भारत को भेजे जाने वाले रियायती रूसी कच्चे तेल के करीब आधे हिस्से की खरीद करता था जिसकी मात्रा 17-18 लाख बैरल थी।

# बिकवाली से शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन टूटा

### सेंसेक्स 376 अंक कमजोर, निफ्टी 72 अंक फिसला

एजेंसी ▸▸| मुंबई

वैश्विक स्तर पर तनाव और अमेरिकी शुल्क बढ़ने की चिंताओं के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में भारी बिकवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 376 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी करीब 72 अंक फिसल गया। विश्लेषकों के मुताबिक, एशियाई बाजारों के मजबूत रुख के बावजूद भारत पर शुल्क बढ़ाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई चेतावनी से निवेशकों ने सतर्कता बरती। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 539.52 अंक तक लुढ़ककर 84,900.10 अंक पर आ गया था। निफ्टी 71.60 अंक गिरकर 26,178.70 अंक पर बंद हुआ।

- अमेरिकी शुल्क बढ़ने की चिंता से दिग्गज शेयरों में बिकवाली



### ट्रेंट के शेयर में भारी गिरावट

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टाटा समूह की कंपनी ट्रेंट के शेयर में 8.62 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। दिसंबर तिमाही में कंपनी की राजस्व वृद्धि के आंकड़े निवेशकों को उत्साहित करने में नाकाम रहे हैं। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 4.42 प्रतिशत की तेज गिरावट दर्ज की गई।

### एसबीआई के शेयर में बढ़त दर्ज

इसके अलावा आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, इंटरग्लोब एविएशन और एचडीएफसी बैंक भी नुकसान में रहे। हालांकि, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई।

## भारतीय बैंकों के कामकाजी माहौल में आएगा सुधार

**नई दिल्ली।** भारतीय बैंकों को आने वाले समय में रिजर्व बैंक की बेहतर निगरानी और मजबूत पर्यवेक्षण व्यवस्था का फायदा मिलने की उम्मीद है। इससे न सिर्फ बैंकिंग प्रणाली में जोखिम कम होंगे, बल्कि पूरे क्षेत्र का कामकाजी माहौल भी सुधरेगा। एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने एक रिपोर्ट में कहा कि मजबूत आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं और महंगाई के जोखिमों में कमी आने के साथ ये बदलाव बैंकिंग क्षेत्र के लिए सकारात्मक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों में तनावपूर्ण हालात से निपटने, जोखिमों की निगरानी और खराब कर्ज की वसूली से जुड़े नियामकीय ढांचे में काफी सुधार हुआ है। फिच ने कहा, "वित्त वर्ष 2015-16 से 2017-18 के बीच गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में तेज बढ़ोतरी के पीछे जिन कमजोरियों की भूमिका थी, उन्हें अब काफी हद तक दूर कर लिया गया है। फिलहाल बैंकिंग प्रणाली के प्रमुख आंकड़े कई वर्षों की सबसे मजबूत स्थिति में हैं।"

- रेटिंग एजेंसी फिच ने जारी की रिपोर्ट

## तांबा बना रॉकेट! बढ़ी निवेशकों की दिलचस्पी, 13,000 डॉलर प्रति टन के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** तांबे की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिल मिली। तांबे की कीमत पहली बार 13,000 डॉलर प्रति टन के आंकड़े को पार कर गए है। तांबे की सप्लाई में आई कमी के अनुमान, चिली की एक खदान में हड़ताल और गोदामों में तांबे का कम स्टॉक होने के कारण यह उछाल देखी जा रही है। वैश्विक स्तर पर भी तांबे की कीमतें आसमान छू रही है। अमेरिका में कॉमेक्स तांबे की कीमतों में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और रिकॉर्ड 5.9005 डॉलर प्रति पाउंड या 13,008 डॉलर प्रति टन के प्राइस पर पहुंच गई है। तांबे की कीमतों में हो रहा इजाफा निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा कर रहे हैं।

**तांबे की कीमतों में तेजी की वजह :** तांबे की कीमतों में आ रही इस तेजी के पीछे लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) में तांबे के भंडार में हुई गिरावट है। जो अगस्त के अंत की तुलना में 55 फीसदी घट गया है। एलएमई में तांबे का भंडार 142,550 टन है। एलएमई सिस्टम से बाहर जाने वाला ज्यादातर तांबा अमेरिका भेजा गया है। वहां तांबे पर टैरिफ को लेकर अभी समीक्षा चल रही है। हालांकि 1 अगस्त से तांबे के आयात पर इंपोर्ट ड्यूटी में छूट देने का फैसला लिया गया था।

**सरकार ने मेटालर्जिकल कोक पर से आयात प्रतिबंध हटाया (नई दिल्ली)।** सरकार ने कम राख वाले मेटालर्जिकल' कोक पर आयात प्रतिबंध हटा दिए हैं, जिसमें राख की मात्रा 18 प्रतिशत से कम है।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Manoj Kumar Rana ADSJ**
Additional District and Sessions Judge
Next Date, Purpose of case, Orders and Judgments as well as other case information is available on http://ecourts.gov.in
**MAHENDER (DECEASED) SON OF SURJAN SINGH THROUGH LRS. A. SANTOSH WD/O MAHENDER**
**Vs.**
**RAMDEI WIDOW OF CHANDERBHAN**
CNR No. HRJR01-005155-2025
Next Date:-16-01-2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**1. Ramdei widow of Chanderbhan, 2. Kanshi son of Govind, 3. Gumani son of ramji Lal, 4. Jeevan son of Johri resident of village Kablana District Jhajjar Respondents/Defendants**
**5. Balwan son of Surjan Singh resident of village Kablana District Jhajjar Proforma Respondent/Plaintiff.**
Whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that the defendant(s)/respondent(s) above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence this proclamation under order 5 Rule 20 CPC is hereby issued against him/them and should appear personally or through their counsel on 16-01-2026 at 10:00 a.m. Take notice that, in default of his/their appearance on the day before mentioned, the above said case will be heard and determined in his/their absence according to law. Given under my hand and the seal of the Court, this 03-01-2026.
**(Sd/-Manoj Kumar Rana)**
Additional District and Sessions Judge, Jhajjar.

## बीआईएस तेजी से नए मानक विकसित करे : जोशी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) को नए मानक शीघ्रता से विकसित करने तथा परीक्षण प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण करने का मंगलवार को आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि बीआईएस गुणवत्ता मानकों की व्यवस्था को कुशलतापूर्वक विनियमित कर रहा है लेकिन अब उसे एक ऐसा अनुकूल माहौल बनाने पर भी ध्यान देना चाहिए जहां विनिर्माण उद्योग स्वयं कुछ मानकों से नीचे के उत्पाद न बनाए।

### ट्रेंट का राजस्व 17 फीसदी बढ़कर 5220 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की खुदरा कंपनी ट्रेंट लिमिटेड का एकल आधार पर राजस्व 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 5,220 करोड़ रुपये हो गया। ट्रेंट लि. ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का राजस्व 4,466 करोड़ रुपये था।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद डबवाली | मासिक आधार के लिए एक वर्ष हेतु शौचालय प्रचालन और रखरखाव के लिए आकलन (डबवाली)। | 02.01.2026 12.01.2026 | निविदा लागत रु. 46,02,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 seoymcdabwali@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41794/I/88/6 दि. 06.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | पाड़ा मोहल्ला रोहतक में महात्मा सदानाथ वाल्मिकी छात्रावास में पुस्तकालय का निर्माण + 2 कार्य। | 05.01.2026 12.01.2026 | रु. 80,47,834/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41782/I/88/6 दि. 06.01.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका नांगल चौधरी | शमशान घाट वार्ड नं. 12 के निकट रैन बसेरा निजामपुर रोड + 1 कार्य (नांगल चौधरी) | बंद होने की तिथि 13.01.2025 | रु. 1,26,24,489/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812892869 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41776/I/88/6 दि. 06.01.26

**पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार**
भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान
(भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अधीन स्वायत्तशासी निकाय)
ग्वालियर • भुवनेश्वर • गोवा • नोएडा • नेल्लोर
सत्यमेव जयते — पर्यटन शिक्षा संस्कृति रक्षा

**निदेशक पद हेतु चयन**

आईआईटीटीएम पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त संस्थान है (सोसायटीज रजिस्ट्रेशन अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत), जिसकी स्थापना वर्ष 1983 में की गई थी। यह देश का पर्यटन शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं परामर्श के क्षेत्र में प्रमुख संस्थान है। यह पाँच परिसरों वाला संस्थान है, जिसका मुख्यालय ग्वालियर में स्थित है तथा अन्य केंद्र भुवनेश्वर, नोएडा, गोवा और नेल्लोर में हैं। यह अपने परिसरों से एमबीए (पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन) एवं बीबीए (पर्यटन एवं यात्रा) पाठ्यक्रम संचालित करता है, साथ ही बाजार की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु बड़ी संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करता है। आईआईटीटीएम के निदेशक संस्थान के प्रबंधन के लिए उत्तरदायी होते हैं तथा उनसे इसे उत्कृष्टता की ओर ले जाने और विश्व के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों के समकक्ष स्थापित करने की अपेक्षा की जाती है। संस्थान निदेशक के चयन की प्रक्रिया में है। नियुक्ति संविदा आधार पर 3 वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी, जिसे आईआईटीटीएम भर्ती नियमों के अनुसार तथा प्रकरण की योग्यता के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। आईआईटीटीएम के निदेशक पद हेतु संविदा आधार पर पे लेवल-15 (7वां सीपीसी) में इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इस रिक्ति से संबंधित परिपत्र, वेतनमान एवं संबद्ध लाभों का विवरण, योग्यता, अन्य पात्रता शर्तें तथा आवेदन पत्र www.tourism.gov.in या www.iittm.ac.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन निदेशक (S&CB), पर्यटन मंत्रालय, प्रथम तल, ट्रांसपोर्ट भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 को एक सीलबंद लिफाफे में, जिस पर मोटे अक्षरों में "Application for the Post of Director, IITTM" अंकित हो, इस प्रकार भेजे जाएँ कि वे दिनांक 27.01.2026 को सायं 1700 बजे तक अवश्य पहुँच जाएँ।

**Horiticulture Departmaent, Haryana**
Integrated Horticulture Development Centre
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:-ihdcsundrah@gmail.com, Ph:-01285-244076

**एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में प्रशिक्षण के लिए आवेदन आंमत्रित**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ में वर्ष 2025-26 में बागवानी विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की स्कीम मशरूम उत्पादन, संरक्षित संरचना में सब्जियों की देख-रेख व रख-रखाव पर प्रशिक्षण, सब्जियों की जैविक खेती तकनीक पर प्रशिक्षण और बागवानी फसलों में जैविक खेती से संबंधित 05 दिवसीय प्रशिक्षण करवाया जाना है। हरियाणा राज्य के सभी जिलों के किसान उद्यान विभाग की वेबसाईट (Kaushal.hortharyana.gov.in) के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यकम हेतु प्रार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह महेन्द्रगढ़ पर सीटों की संख्या 20 आवेदक प्रति प्रशिक्षण है। प्रशिक्षणार्थी का चयन "पहले आओ पहले पाओ" के आधार पर किया जाएगा। आवेदनकर्ता जरूरी दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान प्रथम दिन अपने साथ लेकर आएं। प्रशिक्षण के दौरान रात्री ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी। प्रशिक्षण कार्यकम की सूची पुन निर्धारित निम्नप्रकार से है:-

| कमांक | दिनांक | अवधि (दिन) | प्रशिक्षणविषय | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12.01.2026-16.01.2026 | 05 | नए बाग का पौधरोपण एवं फल उत्पादन एवं तकनीक पर प्रशिक्षण | 20 |
| 02 | 19.01.2026-23.01.2026 | 05 | सब्जियों की संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण | 20 |
| 03 | 02.02.2026-06.02.2026 | 05 | ओपन फील्ड में बागवानी फसलों के उत्पादन पर प्रशिक्षण | 20 |

अधिक जानकारी के लिए ट्रेनिंग ईचांर्ज, डा० मुकेश शिवरान, विषय विशेषज्ञ, एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (9828499793) पर संपर्क किया जा सकता है।

हस्ता/-उपनिदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह
पीआरडीएच 1149/11/1018/2026/41774/88/6 दि. 06.01.26

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।


**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## सोना 1,100 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत में लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 1,100 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। मजबूत वैश्विक रुख के साथ सोने के दाम में तेजी आई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,40,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। सर्राफा संघ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 1,100 रुपये बढ़कर 1,41,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "मंगलवार को सोने में बढ़त जारी रही। इसे कमजोर अमेरिकी डॉलर और फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की नरम टिप्पणियों का समर्थन मिला, जिससे आने वाले महीनों में ब्याज दरों में संभावित कटौती को लेकर बाजार की उम्मीदों को बल मिला।" सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में भी लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही और यह 7,000 रुपये बढ़कर 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों को मिलाकर) हो गई।

## शब्द पहेली - 6101



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

### शब्द पहेली- 6100 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | द | त | न | | ल | | वा | य | लि | न |
| | ल | | रा | | प | व | न | | ख | फा |
| ए | | | ध | व | ल | | र | | | स |
| ह | र | द | म | | पा | ल | | फ | क | त |
| सा | | म | | दा | ना | | सा | | मा | |
| न | वी | न | त | म | | अ | ज | वा | ई | न |
| | र | | वा | | स | दा | | रि | | वी |
| प | ता | का | | ह | क | | अ | स | मा | न |
| र | | | जी | | प | र | दा | | | ता |
| वा | त | | न | ल | का | | व | | द | |
| ज | रु | र | त | | ना | | त | ल | वा | र |



## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में 'बड़ी समस्या' पर शीर्ष अदालत सख्त


# वायु प्रदूषण पर सीएक्यूएम को फटकार आयोग कर्तव्य निभाने में रहा 'नाकाम'

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से संबंधित याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को कर्तव्य निभाने में असफल रहने पर फटकार लगाई है। वहीं सीएक्यूएम की दिल्ली की सीमाओं पर मौजूद टोल प्लाजा को हटाने या अस्थायी रूप से बंद करने की मांग को ठुकरा दिया है। मंगलवार को शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) दिल्ली बॉर्डर पर टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या हटाने के मुद्दे पर 2 महीने का समय मांगा था। जिस पर फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को ठुकरा दिया और कहा कि आयोग अपना कर्तव्य निभाने में असफल रहा है। वहीं अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को चरणबद्ध तरीके से लंबे समय के समाधानों पर विचार करना शुरू करने का निर्देश दिया है।कोर्ट ने आयोग को निर्देश दिए हैं कि वह विभिन्न हितधारक के रुख से प्रभावित हुए बिना टोल प्लाजा के मुद्दे पर विचार करेगा। इसी के साथ दो हफ्ते में विशेषज्ञों की बैठक बुलाने और बढ़ते प्रदूषण के मुख्य कारणों पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

**आयोग को समाधानों पर विचार करना शुरू करने का निर्देश**

### मुख्य कारणों पर रिपोर्ट जमा की जाए



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जॉयमाल्य बागची की पीठ ने आयोग को दो हफ्ते में एक्सपर्ट्स की एक मीटिंग बुलाने और बढ़ते प्रदूषण के मुख्य कारणों पर एक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सख्त लहजे में पूछा कि क्या आप प्रदूषण के कारणों की पहचान कर पाए हैं?

### आवारा कुत्तों के मामले पर अहम टिप्पणी, इतने आवेदन तो इंसानों के मामलों में भी नहीं आते

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के मामले में उसके समक्ष दायर किए जा रहे अंतरिम आवेदनों की संख्या पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने कहा कि आमतौर पर इंसानों से जुड़े मामलों में भी इतनी अधिक संख्या में आवेदन नहीं आते हैं। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने ये टिप्पणियां तब कीं, जब दो वकील ने उनके सामने आवारा कुत्तों का मामला उठाया। एक वकील ने कहा कि उन्होंने इस मामले में एक अंतरिम याचिका दायर की है। इस पर जस्टिस मेहता ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इंसानों से जुड़े मामलों में भी आमतौर पर इतनी अधिक संख्या में याचिकाएं नहीं आतीं। पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों के मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की जाएगी।

## कुत्ते की गिनती मामले पर दिल्ली विधानसभा में हंगामा

### शिक्षा मंत्री बोले- जनता से माफी मांगें केजरीवाल



दिल्ली में विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सदन में सत्ता पक्ष की तरफ से जोरदार हंगामा किया गया। कुत्ते की गिनती मामले को लेकर मंत्री एवं भाजपा विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की। इसके चलते सुबह का सत्र दो बार स्थगित करना पड़ा। उधर, शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने पत्र लिखकर अरविंद केजरीवाल को भ्रम फैलाने के लिए सरकार एवं दिल्ली की जानता से माफी मांगने को कहा। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सदन शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने केजरीवाल से माफी मंगवाने की मांग करते हुए हंगामा किया। विधानसभा में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे भाजपा विधायकों ने अरविंद केजरीवाल से माफी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। लगभग आधे घंटे चले प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विधानसभा सत्र शुरू हुआ लेकिन भाजपा विधायक एक बार फिर केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए माफी की मांग करने लगे।

### गिनती प्रकरण की होगी जांच: स्पीकर

दिल्ली विधानसभा सत्र के दूसरे दिन आवारा कुत्तों की गणना के मुद्दे पर जोरदार हंगामा देखा गया। इससे सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आरोप लगाया कि केजरीवाल और उनकी पार्टी झूठ फैलाकर सरकार को बदनाम कर रहे हैं। ऐसा आदेश जारी नहीं हुआ है। मामले पर विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने भी संज्ञान लिया। उन्होंने मामले की जांच शिक्षा संबंधी स्थायी समिति से कराने की बात कही है।

## बाहरी दिल्ली में हीटर से हादसा

# डीएमआरसी इंजीनियर का परिवार जिंदा जला, बेड पर मिले 3 शव



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

बाहरी दिल्ली में आदर्श नगर के मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के सामने स्थित मेट्रो अपार्टमेंट्स में सोमवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में हीटर फटने के बाद लगी आग में डीएमआरसी के इंजीनियर अजय विमल, उनकी पत्नी नीलम और 10 वर्षीय बेटी जान्हवी की जलकर मौत हो गई।

उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब 2.39 बजे आदर्श नगर थाना पुलिस को आग लगने की सूचना मिली। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। सोसाइटी के इन-हाउस फायर फाइटिंग सिस्टम की मदद से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया।

### तलाशी के बाद मिले शव

दमकल कर्मियों ने फ्लैट में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान मास्टर बेडरूम से तीनों के जले हुए शव बरामद हुए। मृतकों की पहचान 45 वर्षीय अजय विमल, उनकी 38 वर्षीय पत्नी नीलम और 10 साल की बेटी जान्हवी के रूप में हुई। मृतक इंजीनियर की पत्नी की पहचान शव पर चिपके कपड़े से हुई है।

### उज्जैन के मूल निवासी थे अजय

मूलतः उज्जैन के रहने वाले थे असिस्टेंट इंजीनियर हादसे में मारे गए अजय मूल रूप से मध्य प्रदेश के उज्जैन के रहने वाले थे। वह 15 वर्ष पूर्व दिल्ली आ गए थे। यहां दिल्ली मेट्रो में असिस्टेंट सेक्शन इंजीनियर के पद पर तैनात थे। मौके पर मौजूद उनकी बहन ऊषा ने बताया कि वे तीन बहन और दो भाई हैं। अजय छोटा भाई था। बड़े भाई उत्तर प्रदेश पुलिस में इंस्पेक्टर हैं।

## एसआईआर की पहली सूची जारी

# यूपी में 12.55 करोड़ मतदाता, पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ नाम कटे

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में एसआईआर की पहली प्राथमिक सूची जारी हो गई है। अब लोग चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 12.55 करोड़ मतदाता है। पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ यानी 18 फीसदी नाम कट गए। 6 जनवरी से दावे-आपत्तियां की जा सकती हैं। जिनके भी नाम पहली ड्राफ्ट सूची में नहीं हैं, वे 6 फरवरी तक फॉर्म 6 भरकर जमा कर सकते हैं। ताकि उनका नाम जोड़ा जा सके। 6 मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एक जनवरी 2008 से पहले जन्मे लोग फार्म भर सकते हैं। एक अक्टूबर से जो एलिजेबल हो रहे हैं, वे फार्म भर सकते हैं। जिनका फॉर्म मिला है, उनकी मैपिंग नहीं है। उन्हीं को नोटिस दिया जाएगा। छह मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी। वेबसाइट से सीधे अपना नाम देख सकते हैं। रिणवा ने बताया कि आप वेबसाइट से सीधे अपना नाम देख सकते हैं। 27 अक्टूबर 2025 से प्रक्रिया शुरू हुई।

### सुप्रीम कोर्ट में दलील, एसआईआर करवाना चुनाव आयोग का अधिकार

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उसके पास मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर) करने का अधिकार और क्षमता है। साथ ही यह उसकी संवैधानिक कर्तव्य है कि कोई भी विदेशी मतदाता के रूप में पंजीकृत न हो। चुनाव आयोग की ओर से ये दलील वरिष्ठ वकील वकील राकेश द्विवेदी ने मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच के सामने दीं। बेंच ने बिहार सहित कई राज्यों में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक बैच पर अंतिम सुनवाई फिर से शुरू की, जिसमें चुनाव पैनल की शक्तियों के दायरे, नागरिकता और वोट देने के अधिकार पर संवैधानिक सवाल उठाए गए थे।

### यूपीएससी ने ममता सरकार को दिया बड़ा झटका, सूची लौटाई

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति पर समस्या खड़ी हो गई है। मौजूदा डीजीपी राजीव कुमार का कार्यकाल 31 जनवरी को खत्म हो रहा है, लेकिन उत्तराधिकारी का नाम फाइनल नहीं हो पाया है। यूपीएससी ने ममता सरकार को बड़ा झटका दिया है। आयोग ने भेजी गई आईपीएस अधिकारियों की लिस्ट को वापस लौटा दिया है। यूपीएससी ने साफ तौर पर कहा है कि सरकार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से परमिशन लेनी चाहिए।

### सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को सांस संबंधी परेशानी के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सर गंगा राम अस्पताल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, उन्हें सोमवार रात करीब 10 बजे भर्ती कराया गया। उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। ठंडे से उनका ब्रोंकियल अस्थमा हल्का बढ़ गया था।

### भारत में 365 दिन में तैयार होंगे 'एआई' के 10 लाख धुरंधर : अश्विनी वैष्णव

**जयपुर।** जयपुर में बड़ा डेटा सेंटर बनेगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा- इसका जल्द ही भूमि पूजन किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि लघु उद्योग भारती के माध्यम से 5 हजार युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। वैष्णव जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 के तहत आयोजित एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की थीम एआई - सबकी पहुंच में, सबके लिए रखी गई। वैष्णव ने कहा- एआई स्किलिंग के लिए 10 लाख युवाओं को ट्रेनिंग देने का कार्यक्रम राजस्थान की धरती से शुरू किया गया है।

## कांग्रेस नेता के बयान पर मचा सियासी घमासान

# क्या ट्रंप हमारे पीएम को भी किडनैप कर लेंगे : पृथ्वीराज

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**




महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर विवादास्पद बयान दिया है। इस पर सियासी घमासान मच गया है। उन्होंने कहा कि क्या वेनेजुएला की तरह ट्रंप भारत के प्रधानमंत्री को भी किडनैप कर लेंगे। उन्होंने पूछा कि क्या अमेरिकी सेना भारत में भी वैसा ही ऑपरेशन करेगी जैसा उन्होंने वेनेजुएला के मौजूदा राष्ट्रपति के साथ किया। पृथ्वीराज चव्हाण ने एक मीडिया हाउस से बात करते हुए सवाल किया, क्या वेनेजुएला में जो हुआ, वैसा ही भारत में भी होगा? क्या ट्रंप हमारे प्रधानमंत्री को किडनैप कर लेंगे? कांग्रेस नेता की यह विवादास्पद टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की उस कथित धमकी के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर भारत उनकी बात नहीं मानता है तो वह टैरिफ बढ़ा देंगे। इससे पहले चव्हाण ने भारतीय सेना और ऑपरेशन सिंदूर के प्रभाव पर सवाल उठाए थे। जिससे वह आलोचनाओं के घेरे में आ गए थे।




## चिंतन

# शरीर पर टैटू गुदवाते समय संयम बरतें युवा

अगर युवा भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस में भर्ती होने का सपना देख रहे हैं तो शौक भी जरा संभलकर करें। कहीं ऐसा न हो कि आपका एक शौक आपके सपनों को कुचल दे और हुनरमंद होते हुए भी आप आर्म्ड सर्विसेज में भर्ती की दौड़ से बाहर हो जाएं। पिछले काफी समय से ऐसी चीजें देखने को मिल रही हैं, जिसमें हुनर और क्षमता होने के बावजूद नौजवानों को सिर्फ अपने शौक के चलते सेना, अर्धसैनिक बल और पुलिस में भर्ती की दौड़ से बाहर होना पड़ा है। ऐसा ही एक शौक युवाओं के बीच आजकल काफी लोकप्रिय है। वह है शरीर पर टैटू गुदवाना। जो शरीर को दर्द देने के साथ-साथ सेना में भर्ती के समय उन्हें मेडिकली रूप से अनफिट कर गंभीर पीड़ा दे रहा है। हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि विस्तृत चिकित्सा परीक्षण में अयोग्य घोषित होने के बाद और फिट घोषित होने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण में उपस्थित होने से पहले उम्मीदवार अपने टैटू नहीं हटवा सकते। यदि ऐसा करते हैं तो उन्हें चिकित्सा परीक्षण के दौरान चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। हालांकि, उम्मीदवार को केवल चिकित्सा मूल्यांकन में कथित त्रुटि या अनियमितता को चुनौती देने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण का अनुरोध करने की अनुमति है। लेकिन पहले परीक्षण के बाद शारीरिक स्थिति में कोई बदलाव करने की अनुमति नहीं है। यह फैसला सीआरपीएफ के एक जवान की याचिका पर आया है। ऐसे में युवाओं को शरीर पर टैटू गुदवाते समय संयम बरतना चाहिए, ताकि बाद में परेशानियों का सामना न करना पड़े। बता दें कि भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस में एक खास वर्ग और शरीर के चुनिंदा हिस्सों पर ही टैटू गुदवाने की इजाजत देता है। इजाजत वाली जगहों पर कुछ खास तरह के ही टैटू गुदवाए जा सकते हैं। साथ ही, इन टैटू के बारे में आवेदन के समय संबंधित फोर्स के भर्ती बोर्ड को जानकारी देना अनिवार्य होता है। सेना के तीनों अंगों यानी थल सेना, वायु सेना और नौसेना के अलावा पैरामिलिर्टी एवं पुलिस भर्ती की नियमावली के अनुसार, कोई भी अभ्यर्थी सिर्फ धार्मिक चिन्ह और अपने नाम से जुड़े टैटू ही गुदवा सकता है। ये टैटू हथेली के बाहरी हिस्से में हो सकते हैं। इसके अलावा, हाथ के अंदरूनी हिस्से में कोहनी से नीचे और हथेली के ऊपर के हिस्से में भी टैटू गुदवाने की इजाजत है। हालांकि, नियमावली में यह स्पष्ट नहीं है कि इन टैटू का साइज कितना होना चाहिए। इन दोनों हिस्सों के अलावा शरीर के किसी भी हिस्से में टैटू गुदवाने की इजाजत नहीं है। लिहाजा, नौजवानों को सलाह है कि वह यदि सैन्य बलों में अपना भविष्य देख रहे हैं, तो बेहतर होगा कि टैटू के शौक से परहेज ही करें। दूसरी तरफ, कई एंट्री लेवल भर्ती में शादीशुदा उम्मीदवारों को अनुमति नहीं होती है। खासकर अग्निवीर या सिपाही स्तर की भर्ती में अविवाहित होना जरूरी शर्त है। अगर ट्रेनिंग के दौरान शादी की जानकारी छिपाई जाती है और बाद में सामने आती है, तो भर्ती रद्द भी हो सकती है। अग्निवीर सैनिक जो आर्मी में स्थायी सैनिक बनने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए भी सेना ने नया नियम बनाया है। इसके तहत जब तक अग्निवीर स्थायी नौकरी प्राप्त नहीं कर लेते हैं, तब तक वे शादी नहीं कर पाएंगे। हालांकि सेना ने इसके पीछे कोई ठोस कारण नहीं बताया है। सेना ने कहा कि अग्निवीर पद से सेवामुक्त होने के 4 से 6 महीने का इंतजार करना होगा। सेना में स्थायी नियुक्ति के बाद में आसानी से शादी कर सकेंगे।



विदेश नीति
अखिलेश आर्येन्दु

# वेनेजुएला को ही गुनहगार क्यों माना

वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून के तहत उचित नहीं ठहराया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अमेरिका की इस ताबड़-तोड़ कार्रवाई पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के खिलाफ बताया है और गहरी चिंता जाहिर की है। अमेरिका की वेनेजुएला पर इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे मादुरो द्वारा अमेरिका में मादक पदार्थों को लगातार बढ़ावा देने और पेट्रोलियम भंडारों पर कब्जा करने के संदर्भ में बताया है। बताया यह भी जा रहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उनकी तानाशाही नीति को चुनौती दी थी, जिससे चिढ़कर ट्रंप ने ऐसा अनाधिकार कदम उठाया।

अमेरिका की शक्ति व सत्ता का तकाज़ा है कि वह जो भी करता है या कहता है, उसे वह सही ठहराता है। उसकी विदेशी नीति 'समरथ को नहि दोष गुंसाई' पर आधारित रही है और आज भी वह मेमने और भेड़िये की कथा के अनुरूप अपने हर कदम को सही ठहराने में कोई गुरेज नहीं करता। वहीं भारत की विदेशी नीति या विदेशी मामलों में अपनाई जाने वाली नीति हमेशा संतुलित और देशहित में रही है। दुनिया में घटने वाली घटनाओं को भारत बहुत बारीक नजरों से देखता ही नहीं, बल्कि उन घटनाओं को भारतीय विदेश नीति और संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमों के बरक्स में देखकर अपनी बेहतर नीति (मानवता के हित में) या भूमिका तय करता है। आजादी के बाद भारत गुटनिरपेक्षता की नीति पर चलता आया है, लेकिन पिछले एक दशक से वह 'गुटनिरपेक्षता' से आगे बढ़कर विकसित देशों, यूरोपीय देशों और वैश्विक दक्षिण में स्थित देशों के साथ अलग-अलग मुद्दों पर अलग-अलग तरीके से रुख अपनाता रहा है। इसे दुनिया के हर देश के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध और यथायोग्य व्यवहार के बरक्स में संतुलित और आदर्श नीति मानी जा सकती है।

रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलीपींस युद्ध हो या अब वेनेजुएला-अमेरिका का मामला हो, भारत ने अपनी सूझ-बूझ वाली नीति अपनाते हुए दोनों पक्षों को बात-चीत से मसले को सुलझाने, क्षेत्र में और शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील की है। जबकि इस मामले में दुनिया दो धड़ों में बंटी नजर आती है। भारत किसी धड़े में शामिल होने के बजाय अपनी संतुलित नीति बनाकर, आगे बढ़ रहा है। जाहिर तौर पर भारत आने वाले वक्त में अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए आगे की रणनीति पर बारीकी से विचार करते हुए, हर मुद्दे पर बारीकी नजर रखकर राष्ट्ररक्षा को प्राथमिकता दी है। पिछले एक दशक से मोदी सरकार इस संतुलित और मैत्रीपूर्ण नीति पर ही चलती आ रही है। इससे वह दुनिया में अपनी बेहतरीन नीतियों और कदमों से अपने सूझ-बूझ सर्वहितैषी के रूप में सर्वोपरि दिखाने में सफल रहा है। यह मोदी सरकार की विदेश नीति का बेहतरीन नीतिगत निर्णय कहा जाना चाहिए।

यूक्रेन-रूस युद्ध के मामले में भी भारत ने दोनों देशों से युद्ध खत्म करने और शांति का रास्ता अपनाने की अपील की थी, जिससे किसी तरह का वैश्विक स्तर पर मानवीय संकट न पैदा होने पाए। इस नए घटनाक्रम में भारत की नीति एकदम स्पष्ट और संतुलित है। यह नीति भारत के वैश्विक स्तर पर उभरती छवि को ही बेहतर बनाने का काम ही नहीं कर रही है, बल्कि दुनिया की नजरों में भी एक तीव्र गति से विकास कर रहे आर्थिक रूप से समृद्ध और मानवीय देश के रूप में बन गई है। अमेरिका मामले में यह पहली बार नहीं है जब किसी देश पर अपनी दादागीरी दिखाते हुए उस पर सीधा हस्तक्षेप किया हो और उस देश के शासन को अपदस्थ किया हो। इसके पहले वर्ष 1965 में अमेरिका ने डोमेनिकल गणराज्य में बड़ी तादाद में अपने सैनिक भेंजे, ताकि 1963 में तख्तापलट के तहत हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति जुआन बोश की वापसी को रोका जा सके। इसी तरह अपनी दादागीरी दिखाते हुए अमेरिका ने 1989 में पनामा पर धावा बोला, जिसका मकसद तत्कालीन जर्नल मैनुअल नोरिएगा को अपदस्थ करना था, जिन पर मादुरो



की तरह ही मादक पदार्थों के तस्करी के आरोप थे। इराक पर अमेरिका के नेतृत्व वाली सेनाओं का हमला आज भी दुनिया को याद है, जब इराक पर लम्बे शासक के रूप में काबिज सद्दाम हुसैन को हटा दिया गया था। इसी तरह 2004 में हैती पर अमेरिका ने आक्रमण कर वहां के तत्कालीन राष्ट्रपति को अपदस्थ कर अफ्रीका भेज दिया था। ये कुछ घटनाएं हैं जो अमेरिका की तानाशाही या एकल दादागीरी को बताने के लिए नमूने के तौर पर देखी जा सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण इसलिए किया गया था कि देशों के मध्य जो भी समस्याएं या शिकायत हों, उसे इस मंच के बैनर तले बातचीत के जरिए हल किया जा सके। जब से इसकी स्थापना हुई है, तब से अब तक, इस स्वतंत्र वैश्विक संस्था पर अमेरिका का ही एकाधिकार रहा है। अमेरिका जैसा चाहता है संयुक्त राष्ट्र संघ उसी तरह की नीति मानने के लिए मजबूर रहता है। हां, एक दूसरे देश पर हमला करने के ऐसे कारण तो होने ही चाहिए जो बातचीत या एकतरफा अन्याय के खिलाफ जायज हों। यदि दुनिया के किसी भी हिस्से में मानव सुरक्षा के गंभीर संकट हों, तो किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप को तभी उचित ठहराया जा सकता है, जब यह सब अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के दायरे में किया जाए। पिछले कुछ दशकों में कुछ शक्तिशाली देश वैश्विक मानवहित के बजाय अपने निजी स्वार्थों के लिए, किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। ऐसी ही ताजा घटना वेनेजुएला की है। वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून के तहत उचित नहीं ठहराया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अमेरिका की इस ताबड़-तोड़ कार्रवाई पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के खिलाफ बताया है और गहरी चिंता जाहिर की है। अमेरिका की वेनेजुएला पर इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे मादुरो द्वारा अमेरिका में मादक पदार्थों को लगातार बढ़ावा देने और पेट्रोलियम भंडारों पर कब्जा करने के संदर्भ में बताया है। जो लोग या देश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस कार्रवाई को जायज ठहराते हैं, उनका बचाव करते हुए वे कह रहे हैं कि यदि वेनेजुएला के राष्ट्रपति बहुत बड़े पैमाने पर अत्यंत खतरनाक मादक पदार्थों को तस्करी के जरिए अमेरिका ना भिजवाते जिससे अमेरिकी हितों पर कुठाराघात हो रहा है, तो राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार करके न्यूयार्क न लाया जाता। जब बात मादक पदार्थों की हो, जिनमें सबसे खतरनाक मादक पदार्थ फेंटानिल की तस्करी का आरोप लगे हों, ऐसे में यह जानने की जरूरत है कि क्या फेंटालिन का निर्माण या तस्करी वेनेजुएला में ही होती है या दुनिया के दूसरे देशों में यह मानव-अहितैषी धंधा हो रहा है? सवाल यह भी है कि वेनेजुएला को ही इसके आरोप में क्यों अमेरिका का कोप-भाजन बनना पड़ा? दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें आज की तारीख में नशीले मादक पदार्थों से होती है। अमेरिकी लोग इससे 75 प्रतिशत प्रभावित हैं।

इस खतरनाक नशीले पदार्थ के जरिए बनने वाले नशीले पदार्थों में मिलाए जाने वाले रसायनों का चीन में संपादन किया जाता है जो लेटिन अमेरीकी देशों में बहुत बड़े पैमाने पर बेचा जाता है और उन देशों में चीन द्वारा लाए गए रसायनों के जरिए फेंटानिल बनाया जाता है। अमेरिका ने कभी भी चीन को इसके लिए दोषी नहीं ठहराया, जबकि चीन में बने फेंटालिन के कच्चे रसायन बहुत बड़ी तादाद में चोरी-छिपे अमेरिका में लाए जाते हैं और अमेरिका में इनके जरिए फेंटालिन बनाया जाता है। सवाल यह है कि अमेरिका ने चीन को कभी इसके लिए कठघरे में क्यों नहीं खड़ा किया? बताया यह भी जा रहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उनकी तानाशाही नीति को चुनौती दी थी, जिससे चिढ़कर ट्रंप ने ऐसा अनाधिकार कदम उठाया।

(लेखक चिंतक और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विचार
राजेंद्र बज



# चिंतनीय मसलों का तुरंत समाधान जरूरी

आमतौर पर यह देखा गया है कि समय-समय पर कार्यपालिका, व्यवस्थापिका एवं न्यायपालिका से संबद्ध तमाम विसंगतियों एवं समस्याओं को लेकर अधिकार संपन्न वर्ग द्वारा चिंता जाहिर की जाती है। इसके चलते आम नागरिकों के मन में यह विश्वास उत्पन्न होने लगता है कि अब बहुत शीघ्र ही उल्लेखित समस्या का निवारण हो ही जाएगा। उनका यह विश्वास भी समय के साथ तार-तार होता चला जाता है। चूंकि यह अधिकार संपन्न वर्ग किसी संदर्भ विशेष के चलते किसी आयोजित कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में ही ऐसा दर्शाता रहा है कि जो विसंगतियां या समस्याएं हैं, वह सब उनके संज्ञान में हैं। ऐसे में आम नागरिक को जो राहत मिलती है वह क्षणिक होती है। यह सिलसिला हर किसी क्षेत्र में स्थापित हो गया है, ऐसा प्रतीत होता है, लेकिन अहम सवाल यह है कि किसी अधिकार संपन्न शख्सियत ने किसी अवसर विशेष पर किसी समस्या या विसंगति विशेष का उल्लेख किया है तो उसका पूर्ण निदान करने की दिशा में कोई ठोस कदम कब उठाया जाएगा? इसकी जानकारी आम आदमी को कतई नहीं होती। हालांकि वक्ती तौर पर आम आदमी चाहे संतुष्ट हो जाता है, लेकिन समय के साथ यह संतुष्टि भी निराशा में बदल जाती है। दरअसल, किसी विषय पर चिंता व्यक्त करना एक अलग बात है और उस चिंता को दूर करने की इच्छाशक्ति का सच्चे अर्थों में परिचय देना एक अलग बात है।

यही कारण है कि तमाम क्षेत्र के सर्वाधिकार संपन्न वर्ग की विश्वसनीयता पर जन विश्वास में कमी आती दिखाई देती है। सवाल किसी क्षेत्र विशेष का ही नहीं है, बल्कि जो-जो विषय आम आदमी को प्रताड़ित या व्यथित करते हैं, आम नागरिक उसे ही नियति मान बैठते हैं। व्यवहार में देखा गया है आजकल तमाम छोटे बड़े राजनेताओं के कथन को आम नागरिकों द्वारा विश्वसनीय नहीं माना जाता। केंद्र व राज्य द्वारा नियुक्त तमाम छोटे-बड़े जनसेवक पूर्ण निष्ठा एवं समर्पित भाव से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे ही करेंगे, इस बात को लेकर यदि आम नागरिक आशंकित है तो इस बिंदु पर आकर हजार सवाल खड़े हो जाते हैं। न्याय की अभिलाषा लिए कोई भी फरियाद अंतिम रूप से कब निराकृत होगी? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं हो सकता, लेकिन न्यायपालिका की कार्यप्रणाली से समझौता करना आम नागरिक की नियति है। जिम्मेदार वर्ग यह क्यों नहीं समझने को तैयार होता कि विलंबित न्याय भी अन्याय का ही प्रतिरूप है। अनगिनत मुकदमों का अंबार लगा है। अनेक अवसरों पर तो ऐसा भी देखा गया है कि पीढ़ी दर पीढ़ी न्याय के लिए भटकन का सिलसिला कभी विराम नहीं लेता।

वैसे जब नीति और व्यवहार पर आम नागरिक सच्चे मन से अमल करने लगे तो ही मुकदमों की संख्या में कमी आ सकती है। इसके लिए न्यायपालिका और आम नागरिकों को अपनी ओर से ठोस कदम उठाने की जरूरत है। जहां तक राजनीति का सवाल है तो राजनीति में शूचिता और पवित्रता की जुगाली की जाती है, लेकिन व्यवहार में देखा गया है कि राजनीति भी निवेश का एक सशक्त माध्यम हो रही है। धन लगाकर धन अर्जित करना, धन के अभाव में बाहुबल, धन और बाहुबल के अभाव में जातिबल राजनीतिक सफलता का आधार बनते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के सम्मुख परिस्थितियों से समझौता करने के अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग नहीं होता। वैसे इसमें कोई दो मत नहीं कि जब राजनीति विशुद्ध रूप से नीति और सिद्धांतों पर आधारित हो जाएगी, तब स्वतः ही कार्यपालिका और न्यायपालिका भी सच्चे अर्थों में अपने-अपने कर्तव्य का परिपालन कर सकेगी।

एक प्रकार से विभिन्न समस्याओं एवं विसंगतियों के जड़ मूल में राजनीतिक विकृति ही जिम्मेदार है। वास्तव में प्यासे की प्यास बुझनी चाहिए, न कि केवल पानी के छींटे मारकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़कर कहीं ओर पानी के छींटे मारने हेतु प्रवत्त हुआ जाए। एक समय में एक समस्या या विसंगति का उल्लेख यह तो जाहिर करता है कि मरीज की नब्ज पर आपका हाथ है, लेकिन असल सवाल रोग निदान का है। अन्यथा केवल और केवल बीमारी की पहचान सुनिश्चित करना किसी भी दृष्टि से सटीक उपचार का पर्याय नहीं हो सकता। इतनी साधारण सी बात अलग-अलग क्षेत्र के अधिकार संपन्न वर्ग की समझ में आखिर कब आएगी ? हाल-फिलहाल तो जहां जैसा कहना जरूरी है, वही कहा जा रहा है, लेकिन वास्तव में करना क्या चाहिए ? इस संदर्भ में ठोस कदम कहीं दिखाई नहीं देता।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना



संकलित
दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
प्रेरणा

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा- तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला- दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला- तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**तेल की राजनीति और सत्ता का खेल**

वेनेजुएला को लेकर एक बार फिर दुनिया की भू-राजनीति उबाल पर है। जिस देश के पास दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है, वही देश आज राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक बदहाली और अंतरराष्ट्रीय दबावों के चक्रव्यूह में फंसा है। अमरीका द्वारा राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने, तेल उद्योग में सीधे दखल और सत्ता परिवर्तन की मंशा से जुड़ी खबरों ने यह सवाल फिर खड़ा कर दिया है कि क्या यह सब लोकतंत्र की रक्षा के लिए है या फिर संसाधनों पर नियंत्रण की वही पुरानी कहानी, जो इराक से लेकर पनामा तक दोहराई जाती रही है। बहरहाल वेनेजुएला के भीतर आर्थिक संकट गहरा है, जनता महंगाई, बेरोजगारी और जरूरी वस्तुओं की कमी से जूझ रही है। *- पंकज उपाध्याय, दुर्ग*

## ट्रेंड

### भाषा कभी बाधा नहीं



'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' भारतीय भाषा आधारित शिक्षा की परिकल्पना को आगे बढ़ाती है। भारत विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण है, जहाँ भाषा कभी बाधा नहीं, समाज को जोड़ने का माध्यम रही है। हमारी सभ्यता ने सदैव भाषाओं को संवाद और सांस्कृतिक समरसता का सेतु माना है।
- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### विनम्र श्रद्धांजलि



आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह, युग प्रवर्तक साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चंद्र की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ! साहित्य के माध्यम से राष्ट्र और समाज की जागृति के आपके पुनीत प्रयासों के लिए देशवासी सदैव आपके ऋणी रहेंगे।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### मनरेगा से छेड़छाड़ अस्वीकार्य



मनरेगा की आत्मा से छेड़छाड़ कभी स्वीकार्य नहीं। आज प्रख्यात अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज़े से बातचीत में मैंने यह स्पष्ट किया कि केंद्र द्वारा मनरेगा की योजना में बदलाव ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला है। मजदूरी, काम की गारंटी और राज्यों के अधिकारों से समझौता नहीं होगा।
- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड

### पैसे और ज़मीन की भूख



यूपी में सत्ता सजातीयों के दुस्साहस ने फौजियों तक की ज़मीन हथिया ली है, भाजपा जब सैनिकों तक की सगी नहीं है, तो समझ लीजिए उनकी पैसे और ज़मीन की भूख किस हद तक गिर सकती है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# ऑशविट्ज यातना शिविर पीड़िता ईवा का निधन

ऑशविट्ज यातना शिविर की पीड़िता ईवा श्लॉस का निधन हो गया है। 96 वर्षीय ईवा किशोरावस्था में डायरी लिखने वाली ऐनी फ्रैंक की सौतेली बहन थीं। यह जानकारी 'ऐनी फ्रैंक ट्रस्ट यूके' ने दी।



ट्रस्ट ने बताया कि उनका निधन शनिवार को लंदन में हुआ, जहां वह रहती थीं। ईवा श्लॉस ने जीवनभर 'होलोकॉस्ट' की भयावहता के बारे में लोगों को शिक्षित करने का काम किया। वह 'ऐनी फ्रैंक ट्रस्ट यूके' की मानद अध्यक्ष भी थीं। 'होलोकॉस्ट' द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) के दौरान नाजी जर्मनी द्वारा किया गया सामूहिक नरसंहार है जिसमें लगभग 60 लाख यहूदियों, साथ ही रोमा (जिप्सी), दिव्यांगजनों, समलैंगिक, राजनीतिक विरोधी और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के लोगों को यातना शिविरों और गैस चैंबरों में मार डाला गया था। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा कि उनके लिए यह "सौभाग्य और गर्व" की बात है कि वह श्लॉस को जानते थे। महाराजा चार्ल्स ने कहा, "युवावस्था में उन्होंने जिन भयावहताओं का सामना किया, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद उन्होंने अपना शेष जीवन नफरत और भेदभाव को खत्म करने में लगा दिया।

## ऑफ बीट

# रूमाल या टिश्यू, स्वास्थ्य के लिए कौन बेहतर

आज, हम जानते हैं कि नाक से निकलने वाले स्राव में ठंडे प्रकार के वायरस पाए जाते हैं जो कई सतहों पर स्थानांतरित हो सकते हैं - हाथ, रूमाल, टिश्यू,



दरवाज़े के हैंडल, कीबोर्ड - कभी-कभी शुरुआती जोखिम के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहते हैं। इसलिए दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले सूती रूमाल में अपनी नाक साफ करना, फिर किसी अन्य वस्तु को छूना, इसका मतलब है कि ये वायरस फैल सकते हैं। यहां तक कि अगर आप अपने सूती रूमाल को तुरंत धोने के लिए रख देते हैं, तो भी आप दरवाजे की कुंडी जैसी सतहों को दूषित कर देंगे, और वॉशिंग मशीन को चलाने के लिए अपने संक्रमित हाथों का उपयोग करेंगे। वायरस टिशू पर इतने लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाते हैं। बशर्ते आप टिश्यू का उपयोग करने के बाद उन्हें फेंक दें, और उन्हें दूसरों के उठाने के लिए इधर-उधर नहीं छोड़ें, तभी इस्तेमाल किए गए टिश्यू से दूसरों तक रोगाणु पहुंचने की संभावना बहुत कम होती है। फिर सवाल यह है कि क्या रुमाल या टिश्यू खांसी और सांस के रास्ते निकलने वाले थूक को रोकने के लिए प्रभावी हैं। रूमाल जैसे बुनियादी कपड़े के आवरण, टिश्यू की तरह, थूक को पकड़ सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# हेड और स्मिथ के शतक से ऑस्ट्रेलिया मजबूत

एजेंसी ▶▶| सिडनी

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड के वर्तमान एशेज श्रृंखला के तीसरे शतक और कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ के पहले शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 518 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह से पहली पारी में 134 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे। हेड ने सुबह 91 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और उन्होंने 166 गेंदों में 163 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने पर्थ में पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 123 रन और एडिलेड में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 170 रन बनाए थे। स्मिथ तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 129 रन बनाकर खेल रहे थे। इस तरह से उन्होंने फॉर्म में वापसी की। इससे पहले उनका इस श्रृंखला में उच्चतम स्कोर 61 रन था, जो उन्होंने एडिलेड में पहली पारी में बनाया था।

- इंग्लैंड के खिलाफ 134 रन की बढ़त

### स्मिथ का टेस्ट करियर का 37वां

स्मिथ का यह एशेज में कुल मिलाकर 13वां, उनके टेस्ट करियर का 37वां और सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवां शतक है। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय स्मिथ के साथ ब्यू वेबस्टर 42 रन बनाकर खेल रहे थे। इन दोनों ने अभी तक आठवें विकेट के लिए 81 रन जोड़े हैं।

**एशेज : ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम टेस्ट में पहली पारी में 7 विकेट पर बनाए 518 रन**





# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से मिलेगा आईसीसी

*मुस्तफिजुर मामले को लेकर बांग्लादेश ने भारत में खेलने से किया था इनकार*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की धरती पर खेलने से मना कर दिया, लेकिन अब जब टी-20 वर्ल्ड कप शुरू होने में ज्यादा वक्त नहीं बचा है ऐसे में शेड्यूल को बदलने का पर्याप्त वक्त आईसीसी के पास नहीं है। यही कारण है कि आईसीसी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को मनाने पर लगी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक आईसीसी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से मिलकर मामले को सुलझाना चाहता है। आईसीसी उससे भारत में होने वाले टी20 विश्व कप मैचों से हटने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने और मौजूदा कार्यक्रम के अनुसार अपने ग्रुप के मैच खेलने का अनुरोध करने वाली है। इससे पहले बीसीबी ने आईसीसी से सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए 2026 मेंस टी20 विश्व कप के मैचों को भारत से स्थानांतरित करने का औपचारिक अनुरोध किया था। इस पूरे घटनाक्रम की शुरुआत तब हुई थी जब बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को केकेआर से रिलीज करने का निर्देश दिया था।




## खबर संक्षेप



### मिस्र की मलिका को हराकर अनाहत की फाइनल में एंट्री


**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह ने सेमीफाइनल में मिस्र की मलिका अल कराक्सी को आसानी से पराजित करके प्रतिष्ठित ब्रिटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में महिला एकल के अंडर-19 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। अब तक 12 पीएसए टूर खिताब जीतने वाली 17 वर्षीय खिलाड़ी अनाहत ने बर्मिंघम विश्वविद्यालय में मलिका पर सिर्फ 28 मिनट में 11-8, 11-7, 11-9 से जीत हासिल की। फाइनल में अनाहत का सामना यूरोपीय जूनियर चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस की लॉरेन बाल्टायन से होगा। अनाहत ब्रिटिश जूनियर ओपन में सभी आयु वर्गों में नौवीं बार फाइनल में पहुंची है और उनका लक्ष्य 2005 में जोशना चिनप्पा के बाद इस प्रतियोगिता में अंडर19 खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनना है।

### खब्बू बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे फिलिप्स



**नई दिल्ली।** भारत में होने वाले आगामी टी 20 विश्व कप की तैयारी कर रहे न्यूजीलैंड के विस्फोटक बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स का मानना है कि बाए हाथ की उनकी बल्लेबाजी में सुधार से भविष्य में बायें हाथ के स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ उन्हें काफी मदद मिल सकती है। लीक से हटकर खेलने के अंदाज के लिए मशहूर फिलिप्स ने पिछले मंगलवार को ' सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स ' के खिलाफ ' न्यूजीलैंड सुपर स्मैश ' मुकाबले में ' ओटागो ' के लिए नाबाद 90 रन की पारी से प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स के खिलाफ बाएं हाथ के बल्लेबाज की तरह बल्लेबाजी करते हुए एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से उसी सहजता से छक्का जड़ा, जैसा की वह अपनी नियमित दाएं हाथ की बल्लेबाजी में करते है।

### नीदरलैंड टीम से बाहर ग्रिक्सपोर और जैंडस्चुल्प



**नई दिल्ली।** नीदरलैंड ने सात और आठ फरवरी को बेंगलुरु में भारत के खिलाफ होने वाले डेविस कप क्वालीफायर मुकाबले के लिए अपने शीर्ष एकल खिलाड़ियों टैलन ग्रीक्सपोर और बोटिक वैन डे जैंडस्चुल्प को अपनी चार सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया है। ग्रीक्सपोर वर्तमान में नीदरलैंड के नंबर एक खिलाड़ी हैं और उनकी विश्व रैंकिंग 25 है। जैंडस्चुल्प की विश्व रैंकिंग 75 है। भारत के खिलाफ मुकाबले में एकल वर्ग में विश्व रैंकिंग में 71वें स्थान पर काबिज जेस्पर डी जोंग और 158वीं रैंकिंग के खिलाड़ी गाय डेन ओडेन नीदरलैंड की चुनौती की अगुवाई करेंगे।

## विजय हजारे ट्रॉफी : श्रेयस ने की फिटनेस साबित, 53 गेंद में बनाए 82 रन

# अय्यर की जबरदस्त वापसी, उड़ाई आतिशी फिफ्टी, 155 की स्ट्राइक रेट से बनाए रन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

श्रेयस अय्यर ने चोट से उबरने के बाद जोरदार वापसी की है। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में मुंबई के लिए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ जबरदस्त अर्धशतक लगाया। श्रेयस अय्यर ने चौथे नंबर पर उतरकर 53 गेंद में 82 रन की पारी खेली। इसमें 10 चौके व तीन छक्के शामिल रहे। श्रेयस ने 155 की स्ट्राइक रेट से रन जुटाए। वे इस मुकाबले में मुंबई की कप्तानी भी संभाल रहे हैं।

शार्दुल ठाकुर के चोटिल होने की वजह से उन्हें यह जिम्मा मिला है। श्रेयस को अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोट लग गई थी। फील्डिंग के दौरान उनकी स्प्लीन में चोट आई थी। इसके बाद उन्हें सिडनी में आईसीयू में रखा गया था। तब से वे खेल से दूर रहे। रिकवर होने के बाद वे बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस गए और वहां रिहैब के बाद अब खेलने उतरे हैं। उन्होंने मुंबई की तरफ से खेलते हुए भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज को लेकर फिटनेस से जुड़े संदेहों को भी दूर कर दिया।



### श्रेयस ने की तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी

श्रेयस मुंबई की पारी के आठवें ओवर में बैटिंग के लिए उतरे। तब टीम का स्कोर दो विकेट पर 55 रन था। इसके बाद मुशीर खान के साथ उन्होंने तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी की। मुशीर 51 गेंद में 73 रन बनाने के बाद आउट हुए। उनके जाने के बाद श्रेयस और सूर्या साथ आए। इनके बीच 63 रन की पार्टनरशिप हुई। श्रेयस ने 36 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। तब तक वे चार चौके व तीन छक्के लगा चुके थे। पांचवें विकेट के रूप में 221 के कुल स्कोर पर श्रेयस आउट हुए।



### पडिक्कल 5वें शतक से चूके सीजन में बनाए 600 से ज्यादा रन

**अहमदाबाद।** देवदत्त पडिक्कल का विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार फॉर्म जारी है। उन्होंने मंगलवार को अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज ग्राउंड में राजस्थान के खिलाफ छह पारियों में 5वीं बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया। हालांकि वह छह मैचों में 5वें शतक से चूक गए। लेफ्ट-आर्म स्पिनर मानव सुथार के खिलाफ कर्नाटक के ओपनर पडिक्कल 91 रन पर आउट हो गए। 34 पारियों में उनके 13 शतक पहले से ही एक शानदार उपलब्धि है। वह सिर्फ महाराष्ट्र के अंकित बावने (99 मैचों में 15) और ऋतुराज गायकवाड़ (57 मैचों में 14) से भी पीछे है।



### अमन ने ठोका दोहरा शतक जड़े 12 चौके और 13 छक्के

**राजकोट।** अमेरिका में जन्में अमन राव ने बड़े शॉट खेलने के अपने कौशल का शानदार नजारा पेश करते हुए विजय हजारे ट्रॉफी के ग्रुप बी मैच में नाबाद दोहरा शतक लगाया, जिससे हैदराबाद ने बंगाल के खिलाफ पांच विकेट पर 352 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। उन्होंने लिस्ट ए में अपने तीसरे मैच में ही 109 गेंदों पर नाबाद 200 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और 13 छक्के जड़े। यह टूर्नामेंट के इस सत्र का दूसरा दोहरा शतक है।

### विष्णु विनोद ने 84 गेंद में खेली शतकीय पारी खेली

केरल के बल्लेबाज विष्णु विनोद ने विजय हजारे ट्रॉफी के छठे राउंड में तूफानी पारी खेली। उन्होंने नाबाद 162 रन की पारी खेली और केरल को पुडुचेरी के खिलाफ आठ विकेट की बड़ी जीत दिलाई। विनोद ने चौथे नंबर पर आकर 84 गेंद में 13 चौकों व 14 छक्कों से शतकीय पारी खेली। इससे केरल ने 248 रन के लक्ष्य को 29 ओवर में ही हासिल कर लिया। विनोद ने अपनी पारी से नए रिकॉर्ड बनाए। वे लिस्ट ए क्रिकेट में तीसरा सबसे तेज 150 प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने 81 गेंद में यह आंकड़ा छुआ। वे वैभव सूर्यवंशी (59) और दिनेश कार्तिक (80) से पीछे रहे। विनोद की पारी में 14 छक्के शामिल रहे। इससे उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में 100 सिक्सेज की उपलब्धि भी हासिल की।

### गिल का नहीं चला बल्ला

**जयपुर।** विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब की तरफ से ओपनिंग करते हुए शुभमन गिल का बल्ला नहीं चला। गोवा के खिलाफ जयपुर में खेले जा रहे मुकाबले में शुभमन गिल 11 रन बना सके। उन्हें वासुकी कौशिक ने आउट किया। शुभमन गिल केवल 12 गेंद खेल सके, जिसमें दो चौके शामिल रहे। शुभमन गिल को पंजाब के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में दो मैच खेलने थे लेकिन बीमारी की वजह से पिछला राउंड नहीं खेल पाए थे। शुभमन ने 212 रन के लक्ष्य का पीछा पंजाब के कप्तान प्रभसिमरन सिंह के साथ मिलकर शुरू किया। प्रभसिमरन दो रन बना सके। शुभमन गिल अब न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे की सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी संभालेंगे। वे गर्दन में चोट की वजह से साउथ अफ्रीका के खिलाफ हुई वनडे सीरीज से बाहर रहे थे।

**आईसीसी टी20 रैंकिंग**

## हरमनप्रीत ने लगाई छलांग शीर्ष से खिसकी दीप्ति




एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी मुकाबले में मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद जारी आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के सुधार के साथ 13वें पायदान पर पहुंच गई।

भारत ने इस मैच को 15 रन से जीत कर 30 दिसंबर को समाप्त हुई श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। हरमनप्रीत को इस मैच में 43 गेंदों में 68 रन की शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वह इस पारी के बाद रैंकिंग में शीर्ष 10 के और करीब पहुंच गई हैं। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा क्रमशः तीसरे और छठे स्थान पर बरकरार है जबकि ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी ने शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। जेमिमा रोड्रिग्स हालांकि शीर्ष 10 से बाहर हो कर 12वें स्थान पर खिसक गई है।


### श्रीचरनी पांच पायदान ऊपर चढ़ी

दीप्ति शर्मा गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से नीचे आ गईयी है। पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनका 28 रन पर एक विकेट लेना ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को शीर्ष पर पहुंचने से रोकने के लिए काफी नहीं था। दीप्ति रेटिंग अंक के मामले में सदरलैंड (736) से सिर्फ एक अंक पीछे हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरनी पांच पायदान ऊपर चढ़कर 47वें स्थान पर पहुंच गई। श्रीलंका के लिए कविशा दिलहारी (एक पायदान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर) और चमारी अटापट्टू (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 48वें स्थान पर) ने गेंदबाजी रैंकिंग में सुधार किया।

**ऑकलैंड ओपन**

## 45 साल की उम्र में वीनस का कोर्ट में जुझारू प्रदर्शन

**खेला अपना 1101वां मैच**




एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

वीनस विलियम्स ने 45 साल की उम्र में भी अपने जुझारूपन का शानदार नमूना पेश किया लेकिन आखिर में वह मंगलवार को यहां ऑकलैंड ओपन डब्ल्यूटीए टूर टेनिस टूर्नामेंट में पांचवीं वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट से हार गईं।

वर्ष 2026 में अपना पहला एकल मैच खेल रही वीनस ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में उन्हें 52वीं रैंकिंग की खिलाड़ी लिनेट से 6-4, 4-6, 6-2 से हार का सामना करना पड़ा। लिनेट उस समय केवल दो साल की थीं जब वीनस ने पेशेवर टूर पर अपना पहला एकल मैच खेला था। यह मैच डब्ल्यूटीए टूर पर एकल वर्ग में विलियम्स का 1101वां मैच था। उन्होंने अपने से 12 साल छोटी खिलाड़ी के सामने जिस तरह की चुनौती पेश की उससे उनका होबार्ट इंटरनेशनल और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले आत्मविश्वास बढ़ेगा।

- पांचवीं वरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट से हारी

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

सात बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन वीनस को ऑकलैंड ओपन के अलावा 12 जनवरी से होबार्ट में होने वाले टूर्नामेंट तथा साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 18 जनवरी से शुरू होगा। ऑकलैंड में खेला गया यह मैच वीनस का पिछले साल अगस्त में अमेरकी ओपन के पहले दौर में कैरोलिना मुचोवा से 6-3, 2-6, 5-1 से हारने के बाद पहला एकल मैच था। वीनस ने इससे पहले ऑकलैंड ओपन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना के साथ मिलकर सोमवार को युगल मैच खेला था, जिसमें उन्हें इवा जोविक और एलेक्जेंड्रा एला से 7-6 (7), 6-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

### स्वीटी को हराकर लवलीना राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में आगे बढ़ी



**ग्रेटर नोएडा।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने मंगलवार को राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 75 किग्रा प्री-क्वार्टरफाइनल में स्वीटी बूरा के खिलाफ खंडित फैसले से जीत के साथ अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। स्वीटी ने शुरुआत से ही तेज व सटीक पंचों से लवलीना पर दबाव बना दिया। मुकाबले के आगे बढ़ने के साथ हालांकि लवलीना ने लय पकड़ी और कुछ करारे प्रहार किया। मुकाबला काफी रोमांचक था लेकिन जज का फैसला लवलीना के पक्ष में रहा। लवलीना ने मुकाबले के बाद कहा, "मैं लंबे ब्रेक के बाद लौटी हूं, ऐसे में मुझे आज के मुकाबले के कठिन होने की उम्मीद थी। मेरी रणनीति पहले दौर में शांत रहकर स्थिति का जायजा लेना और फिर आक्रामक रुख अपनाना थी। यह कारगर साबित हुई।" स्वीटी मुकाबले के बाद व्यंग्यात्मक मुस्कान के साथ हाथ उठाकर इशारा किया कि भले ही नतीजा उनके खिलाफ गया हो, फिर भी उन्होंने मुकाबला जीत लिया है। उन्होंने कहा, मैं लगातार पंच मार रही थी। मेरे हिसाब से लवलीना को तीन काउंट देने के बाद ही मुकाबला पहले राउंड में खत्म हो जाना चाहिए था। मुझे लगा था कि मुझे 5-0 से जीत मिलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।"

## मलेशिया ओपन : लक्ष्य दूसरे दौर में, आयुष ने ली जी जिया के खिलाफ किया उलटफेर

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत के आयुष शेट्टी ने 2024 पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता मलेशिया के ली जी जिया को सीधे गेमों में हराकर उलटफेर किया जबकि लक्ष्य सेन ने भी मंगलवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत के साथ पुरुष एकल के अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। यूएस ओपन सुपर 300 जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय देने वाले युवा खिलाड़ी शेट्टी ने अंतिम 32 के मैच में 21-12 21-17 से उलटफेर भरी जीत दर्ज की। यह मुकाबला महज 39 मिनट चला। शेट्टी के सामने अंतिम 16 में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शी यू क्यूई की चुनौती होगी। जिया पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन हैं और




वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 144 वें स्थान पर हैं। वह पिछले साल सितंबर में हुए चाइना मास्टर्स के बाद अपना पहला टूर्नामेंट खेल रहे हैं। वह चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहे थे। भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में पराजित किया। पिछले सत्र के आखिर में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीतने वाले 24 वर्षीय सेन ने मलेशिया ओपन में विश्व रैंकिंग में 21वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 70 मिनट में 21-16 15-21 21-14 से हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज सेन का अगला मुकाबला फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त क्रिस्टो पोपोव या हांगकांग के ली चेउक यिउ के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बाएं घुटने की चोट के कारण छह महीने के अंतराल के बाद वापसी करने वाली मालविका बंसोड़ को महिला एकल में हालांकि पहले दौर में थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त और पूर्व विश्व चैंपियन रत्चानोक इंतानोन से 11-21 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## 18 जनवरी से टूर्नामेंट की शुरुआत, पुरस्कार राशि में 16 फीसदी की बढ़ोतरी

# ऑस्ट्रेलियन ओपन की प्राइज मनी 6 अरब 75 करोड़ रुपये के पार

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट 2026 के लिए खिलाड़ी तैयार हैं। टूर्नामेंट से पहले खिलाड़ी वार्म अप मैच खेल रहे हैं। इसके बीच ऑस्ट्रेलियन ओपन की पुरस्कार राशि को लेकर बड़ी अपडेट आई है।

पिछले साल की तुलना में राशि में 16 प्रतिशत बढ़ोतरी की गई है और 18 जनवरी से शुरू होने वाले इस ग्रैंडस्लैम की इनामी राशि रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के आयोजकों ने अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि की घोषणा की, जो 2026 के लिए 111.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर यानी 6 अरब 75 करोड़ 47 लाख रुपए के करीब है।

### 16 प्रतिशत अधिक

यह 2025 में 96.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पुरस्कार राशि से 16 प्रतिशत अधिक है। महिला और पुरुष सिंगल्स में चैंपियन रहने वाले खिलाड़ियों को 41.5 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर यानी 25 करोड़ रुपए के करीब मिलेंगे, जो पिछले साल की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। पिछले सीजन यानकि सिनर और मैडिसन की ने खिताब जीता था।



### पहले राउंड में हारने वाले को एक करोड़

टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने इस राशि के बंटवारे में खास तौर पर शुरुआती राउंड में हारने वाले खिलाड़ियों और क्वालिफायर्स को टारगेट किया है। मेन ड्रॉ के पहले राउंड में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को अब एक करोड़ रुपये मिलेंगे, जबकि क्वालिफाइंग के पहले राउंड में बाहर होने वालों को साढ़े 24 लाख रुपए मिलेंगे।

### प्राइज मनी में अब तक 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी

टेनिस ऑस्ट्रेलिया के सीईओ क्रेग टिली ने कहा कि यह 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हर लेवल पर टेनिस करियर को सपोर्ट करने की हमारी कमिटमेंट को दिखाती है। उन्होंने आगे कहा कि 2023 से क्वालिफाइंग प्राइज मनी को 55 प्रतिशत बढ़ाने से लेकर खिलाड़ियों के फायदों को बेहतर बनाने तक हम यह पक्का कर रहे हैं कि प्रोफेशनल टेनिस सभी खिलाड़ियों के लिए जीवित रहे। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 की शुरुआत 18 जनवरी से होगी और एक फरवरी को इसका फाइनल खेला जाएगा।





क्यूबा के राजदूत जुआन बोले

# स्थिर भविष्य और भू-राजनैतिक संतुलन के लिए दुनिया को भारत की जरूरत

*भारत में क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा ने वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य अभियान की सोमवार को कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे अपराधिक और आतंकी कृत्य बताते हुए कहा कि इस कार्रवाई के जरिये संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया गया है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने रविवार तड़के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को काराकस में स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस पर न्यूयॉर्क में मादक पदार्थ-आतंकवाद के आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा। भारत में क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा ने वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य अभियान की सोमवार को कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे अपराधिक और आतंकी कृत्य बताते हुए कहा कि इस कार्रवाई के जरिये संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया गया है।


जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा

**वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई आतंकवादी कृत्य**

**अंतरराष्ट्रीय समुदाय से एकजुट होने का आग्रह किया**

## संप्रभु देश के खिलाफ अमेरिका ने की एकतरफा कार्रवाई

*एगुइलेरा ने कहा कि कोई अकेला देश अमेरिका को ऐसे एकतरफा कदम उठाने से रोक नहीं सकता। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अमेरिका के पागलपन का सामना करने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। राजदूत ने कहा कि मेरे विचार में, अमेरिकी सैन्य आक्रमण वेनेजुएला के खिलाफ एक अपराध है। यह एक आतंकी कृत्य है। यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून में निहित सभी सिद्धांतों का उल्लंघन है। यह एक संप्रभु देश के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई है।*

### भारत एक बड़ी शक्ति

क्यूबा के राजदूत ने वैश्विक भू-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में भारत की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि दुनिया को भारत की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत एक बड़ी शक्ति के रूप में जरूरी संतुलन बना सकता है और सभी देशों के लिए एक स्थिर भविष्य सुनिश्चित कर सकता है। राजदूत ने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत की भूमिका भविष्य में लगातार मजबूत होती जाएगी। हमें भारत की आवश्यकता है ताकि हम वह संतुलन बना सकें जो दुनिया को चाहिए।

### वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा जरूरीः श्रीलंका

*श्रीलंका ने संयुक्त राष्ट्र से आग्रह किया कि वह अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के बाद वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा, कल्याण और उनके संप्रभु अधिकारों को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण समाधान निकालने की दिशा में काम करे। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे उसके निकाय इस मामले पर संज्ञान लें और वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा, कल्याण एव संप्रभु अधिकारों को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में काम करें। श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का सम्मान करने की आवश्यकता पर बल देता है, जैसे बल प्रयोग पर रोक, हस्तक्षेप न करना, अंतरराष्ट्रीय विवादों का शांतिपूर्ण समाधान तथा राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता।*

### अमेरिका ने दुनिया को खतरनाक संकेत दिया

क्यूबा के राजदूत ने अमेरिकी शुल्क युद्ध, ईरान को धमकियां और सैन्य हमलों का उल्लेख करते हुए वैश्विक एकता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्हों ने कहा कि मुझे लगता है कि कोई भी अकेले अमेरिका को रोक नहीं सकता, न ही रोक पाएगा। सभी को एक साथ आना चाहिए। यह एकता का समय है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्रवाई से दुनिया को एक खतरनाक संकेत मिला है।

सोशल मीडिया पर धार्मिक रूप से विवादित टिप्पणियों को लेकर दो समूहों के बीच टकराव

# नेपाल के बीरगंज में हिंसा के बाद तनाव, गोली मारने के आदेश, भारत में भी बढ़ाई गई सुरक्षा

*कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का आदेश*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल के बीरगंज में हिंसा के बाद तनाव बना हुआ है। सांप्रदायिक सोशल मीडिया वीडियो से उपजा पूरा विवाद धार्मिक स्थल से जुड़ा है। चिंताजनक स्थिति को देखते हुए स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने एहतियाती कर्फ्यू लगाने का ऐलान किया। पड़ोसी देश में तनाव और उथल-पुथल के बीच भारत में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक नेपाल की सरकार ने कहा है कि बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। जिला प्रशासन कार्यालय, परसा ने तनावपूर्ण स्थिति के बीच कर्फ्यू मंगलवार शाम 6 बजे तक बढ़ा दिया है। इससे पहले प्रशासन ने कर्फ्यू का वक्त दोपहर एक बजे तक बढ़ाया था। बता दें, बीरगंज की सीमा भारत में बिहार से लगती है। यहां रविवार से ही लगातार तनाव बढ़ रहा है। टिकटॉक पर धार्मिक रूप से विवादित टिप्पणियों को लेकर दो समूहों के बीच टकराव शुरू हुआ था। इसकी शुरुआत धनुषा में कमला नगरपालिका से हुई। रिपोर्ट्स में धार्मिक किताबों को जलाने की बातें भी सामने आई।

■ कर्फ्यू के बीच काबू में हालात


बीरगंज में प्रदर्शन करती भीड़

## कर्फ्यू के बीच सशर्त रियायत भी मिलेगी

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि कर्फ्यू की अवधि के दौरान सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक सेवाओं में रियायत देने के निर्देश दिए गए हैं। कर्फ्यू की अवधि में एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन, शव वाहन, स्वास्थ्यकर्मियों के वाहनों, मीडिया कर्मियों, पर्यटकों की गाड़ियों, मानवाधिकार और राजनयिक मिशनों के वाहनों और वैध टिकट के साथ यात्रा के लिए एयरपोर्ट जा रहे यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह

प्रशासन ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि कर्फ्यू के दौरान, सुरक्षाकर्मियों को देखते ही गोली मारने का अधिकार दिया गया है। इसलिए नागरिकों से अनुरोध है कि बहुत जरूरी होने पर ही अपने घरों से बाहर निकलें। बाहर निकलने की विवशता होने पर निकटतम सुरक्षाकर्मी से संपर्क करें। मोबाइल से 100 पर कॉल करें। कर्फ्यू का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सभा जुलूस प्रदर्शन प्रतिबंधित**

परसा जिला कार्यालय के मुख्य अधिकारी भोला दहाल द्वारा हस्ताक्षरित एक नोटिस के अनुसार शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए निर्धारित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की सभा करने, जुलूस निकालने और प्रदर्शन करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। बस पार्क, नागवा, इनारवा (पूर्व), सिरसिया नदी (पश्चिम), गंडक चौक (उत्तर) और शंकराचार्य गेट (दक्षिण) को संवेदनशील इलाके के रूप में चिह्नित किया है।

### ओली-प्रचंड और देऊबा की पार्टियों में गठबंधन संभव

नेपाल में तीन पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल प्रचंड की पार्टियां गठबंधन की तैयारी कर रही हैं। ये गठबंधन संसद के ऊपरी सदन 'राष्ट्रीय सभा' के लिए चुनाव के लिए हो सकता है। इस गठबंधन में मधेस क्षेत्र की पार्टी को भी शामिल करने पर विचार हो रहा है। नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी के बीच सीट बंटवारे और साझा रणनीति पर बात हो रही है। यह चुनाव 25 जनवरी को होना है। राष्ट्रीय सभा में कुल 59 सदस्य होते हैं। इनमें से हर दो साल में एक-तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं। इस बार 4 मार्च को 18 सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इन्हीं खाली होने वाली सीटों को भरने के लिए चुनाव कराया जाएगा।


नेपाल में तीन पूर्व पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड (बाएं), केपी शर्मा ओली (मध्य) और शेर बहादुर देउबा

## पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त लेकिन मुझसे खुश नहीं: ट्रंप

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि पीएम मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन मुझसे ज्यादा खुश नहीं हैं, क्योंकि वॉशिंगटन ने रूसी तेल खरीदने की वजह से दिल्ली पर 50% टैरिफ लगाया है। ट्रम्प ने यह भी कहा- पीएम मोदी खुद मुझसे मिलने आए थे। वह मेरे पास आए और बोले- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं? और मैंने कहा- हां। हालांकि ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि यह सारी बातचीत कब और कहां हुई। ट्रम्प ने कहा- अपाचे हेलिकॉप्टर की वजह से भारत कई सालों से मेरे पास आ रहा था। हम इसे बदल रहे हैं। भारत ने 68 अपाचे हेलिकॉप्टरों का ऑर्डर दिया है। मेरे उनके (पीएम मोदी) साथ बहुत अच्छे रिश्ते हैं। अब उन्होंने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक कम कर दिया है।

**रूसी तेल खरीदने पर 50% टैरिफ लगाया**

### एक दिन पहले भी बयानबाजी

ट्रम्प ने कल भी भारत के रूस से तेल आयात कम करने को लेकर बयान दिया था। ट्रम्प ने कहा था कि भारत ने यह फैसला उन्हें खुश करने के लिए लिया। ट्रम्प ने कहा था- वे मुझे खुश करना चाहते थे। प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं। वह जानते थे कि मैं खुश नहीं था, इसलिए मुझे खुश करना जरूरी था। हम व्यापार करते हैं और उन पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं।

बांग्लादेश में 18 दिनों में 6 हिंदुओं की हत्या

# लक्षित हमलों को बांग्लादेश ने बताया सामान्य अपराध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा फिर से बढ़ रही है। पिछले 24 घंटों में दो हिंदुओं की हत्या ने कानून-व्यवस्था और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। इन घटनाओं से 18 दिनों में हिंदुओं की हत्याओं की कुल संख्या छह हो गई है। एक हिंदू विधवा महिला के साथ बलात्कार भी किया गया है। पड़ोसी देश में हिंदुओं पर हो रहे हमले से भारत में भी माहौल तनावपूर्ण हो रहा है। भारत में कई जगहों पर विरोध-प्रदर्शन हो रहा है। बांग्लादेश ने हिंदुओं की हत्या को लेकर भारत द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद युनूस ने अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा कि यह अपराध की सामान्य घटना है, इसमें कोई सांप्रदायिक कट्टरता और शत्रुता नहीं है।


अंतरिम सरकार के सलाहकार

### किराना व्यापारी मणि की हत्या

सोमवार रात करीब 10 बजे नरसिंगड़ी जिले के पलाश उपजिला में चारसिंदूर बाजार में किराने की दुकान चलाने वाले 40 वर्षीय सरत चक्रवर्ती मणि की तेज धार वाले हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने दुकान पर हमला किया और मणि की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर्स ने शरत चक्रवर्ती मणि को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मणि दक्षिण कोरिया में काम करके लौटे थे और अपनी पत्नी अंतरा मुखर्जी तथा 12 वर्षीय बेटे अभिक चक्रवर्ती के साथ रहते थे।




पीएम ल्यूक फ्रीडेन और जयशंकर

**भारत और लक्जमबर्ग के रिश्तों को नई मजबूती मिली**

# लक्जमबर्ग के पीएम से मिले विदेश मंत्री जयशंकर, कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर फ्रांस और लक्जमबर्ग की छह दिन की यात्रा पर हैं। वह मंगलवार को लक्जमबर्ग पहुंचे और यहां उन्होंने मंगलवार पीएम ल्यूक फ्रीडेन से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच वित्तीय सेवाओं, निवेश, प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान एस. जयशंकर ने लक्जमबर्ग के पीएम ल्यूक फ्रीडेन को भारत के पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत रिश्तों के समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उनकी यात्रा से भारत और लक्जमबर्ग के रिश्तों को नई मजबूती मिली है।

### आईईए के कार्यकारी निदेशक से की मुलाकात

जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के कार्यकारी निदेशक फतीह बिरोल से मुलाकात की और तेल बाजारों, परमाणु ऊर्जा समेत वैश्विक ऊर्जा मुद्दों पर उनसे चर्चा की। विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के उनके आकलन और भारत के विकास में उनके समर्थन की सराहना करता हूं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब भारत-यूरोप संबंध गति पकड़ रहे हैं और लंबे समय से लंबित भारत-यूरोप मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत राजनयिकों और मंत्रियों द्वारा निर्णायक दौर में पहुंच चुकी है।

# बीएम-04 मिसाइल से भारतीय सेना की ताकत में होगा बड़ा इजाफा

**मिसाइल की मारक क्षमता 400 से 1500 किलोमीटर**

## शॉर्ट रेंज मिसाइल तैयार करेगा डीआरडीओ, सरकार ने दी मंजूरी

**30 मीटर से कम की सटीकता पर लक्ष्य तबाह**


शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल बीएम-04

### मिसाइल की विशेषताएं

वजनः करीब 11,500 किलो, लंबाईः लगभग 10.2 मीटर, चौड़ाईः 1.2 मीटर, वारहेडः 500 किलो विस्फोटक, प्रोपल्शनः दो स्टेज का सॉलिड फ्यूल। इससे लॉन्च जल्दी और आसान होता है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) भारतीय सेना के लिए एक और नया हथियार तैयार करने वाला है। डीआरडीओ अब बीएम-04 मिसाइल बनाने जा रहा है, जोकि एक शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है। इसे तैयार करने के लिए डीआरडीओ को सरकार से मंजूरी मिल चुकी है।

### पिनाका और अग्नि मिसाइलों के बीच की कैटेगरी

मिसाइल भारतीय सेना की ताकत में बड़ा इजाफा करने वाली है। मिसाइल पर काम पूरा होने के बाद इसकी टेस्टिंग की जाएगी। रेंज के मामले में पिनाका रॉकेट और अग्नि मिसाइलों के बीच की कैटेगरी में बीएम-04 को रखा गया है। दरअसल पिनाका की रेंज काफी कम होती है, जबकि अग्नि मिसाइलों की रेंज ज्यादा होती है। बीएम-04 की रेंज 400 से 1500 किलोमीटर तक होगी। भारत के पास अभी इस रेंज की कोई अत्याधुनिक बैलेस्टिक मिसाइल नहीं है।

### दुश्मन के लिए काल साबित होगी

बीएम-04 मिसाइल दुश्मन के लिए काल साबित हो सकती है। ये मिसाइल उनके इलाकों में बिना न्यूक्लियर लिमिट को पार किए मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर, कमांड सेंटर, एयरबेस और लॉजिस्टिक्स हब को नेस्तानबूत कर सकती है। इसके विकास से टैक्टिकल बैटलफील्ड रॉकेट और स्ट्रेटेजिक न्यूक्लियर-कैपेबल मिसाइल के बीच का गैप पूरा हो जाएगा। दो फेज वाले सॉलिड प्रोपल्शन सिस्टम का इस्तेमाल करने वाली बीएम-04 का वजन 11,500 किलो होगा। इसमें एक हाइब्रिड नेविगेशन सूट होगा जो इनर्टियल सिस्टम को सैटेलाइट से कनेक्ट करेगा। लगभग 1000 किमी की दूरी पर ये मिसाइल 30 मीटर से कम की सटीकता के साथ निशाना लगा सकती है। इसका मतलब है कि मिसाइल अपने लक्ष्य के 30 मीटर के आस-पास ही गिरती है।

### आईआरएफ बनाने की तैयारी में भारत

बीएम-04 खास फिक्स्ड-विंग कॉन्फिगरेशन वाली मिसाइल होगी। ये अपने आखिरी फेज के दौरान बचाव के लिए रास्ता तेजी से बदल सकती है। आने वाले वक्त में भारत इंटीग्रेटेड रॉकेट फोर्स (आईआरएफ) बनाने की कोशिश में है। अगर ये तैयार हो गए तो ब्रह्मोस, बीएम-04, पिनाका का एक प्लेटफार्म तैयार होगा। काऔर बाकी नॉन न्यूक्लियर मिसाइलें इसी के जिम्मे होंगी।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28